

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 88 | सोमवार, 11 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा नवमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया

## एक नजर



### हंगरी के नए प्रधानमंत्री बने पीटर माग्यार, ली शपथ

**बुडापेस्ट।** पीटर मैग्यार ने शनिवार को हंगरी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। नई संसद के उद्घाटन सत्र में हुए मतदान में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने देश में "व्यवस्था बदलने" का संकल्प लिया। 199 सदस्यीय संसद में 195 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 140 ने उनके पक्ष में, 54 ने विरोध में और एक सदस्य ने मतदान से दूरी बनाई। माग्यार ने बहुमत हासिल कर प्रधानमंत्री पद के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त किया और उनके चार वर्षीय कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत हो गई। अपने शपथ ग्रहण भाषण में माग्यार ने कहा कि नई सरकार को केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि "पूरी व्यवस्था बदलने" का जनादेश मिला है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच बड़ी हलचल



**दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करने की इच्छा जताई ताकि चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी तीसरे देश में पूर्ण समाधान निकाला जा सके। यह पहली बार है जब दोनों देशों के बीच लंबे समय से रुके हुए संबंधों में संभावित बदलाव का संकेत मिला है। मंगलवार को विजय दिवस परेड के बाद मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्होंने अपने यूक्रेनी समकक्ष से बातचीत के लिए कभी इनकार नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि किसी "तीसरे देश" में मुलाकात तभी संभव है जब एक व्यापक, दीर्घकालिक शांति समझौता हो जाए, और यह मुलाकात केवल समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए होगी।

## बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले फुटपाथ पर मिली जिलेटिन की छड़ें

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से एक बड़ी खबर सामने आई है. यहां रविवार को पीएम मोदी एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल से तीन किलोमीटर दूर फुटपाथ पर जिलेटिन की दो छड़े मिली है। जिलेटिन छड़ों का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है। पीएम मोदी के कार्यक्रम के पास जिलेटिन छड़ों के मिलने से उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।



मालूम हो कि पीएम मोदी रविवार को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग की 45वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल हुए थे। साथ ही उन्होंने 'ध्यानमंदिर' का उद्घाटन भी किया था। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख श्रीश्री रविशंकर सहित देश-विदेश के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।इस बीच प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले उनके मुख्य कार्यक्रम स्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर एक फुटपाथ के किनारे सुरक्षा जांच के दौरान जिलेटिन की दो छड़ें मिलीं। प्रधानमंत्री को इसी कार्यक्रम में शामिल होना था। इन छड़ों के मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने तुरंत उस इलाके को सुरक्षित कर लिया। फिलहाल आगे की जांच जारी है।

## असम में हिमंता बिस्वा सरमा फिर बनेंगे सीएम

**गुवाहाटी।** असम में हिमंता बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा को बीजेपी विधायक दल का नेता चुन लिया गया है । गुवाहटी में आयोजित विधायक दल की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक जेपी नड्डा ने हिमंता के नाम की घोषणा की। अब 12 मई को हिमंता बिस्वा सरमा का गुवाहटी में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



विधायक दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- विधायक दल के नेता के लिए कुल 8 प्रस्ताव आए. पहला प्रस्ताव रंजीत कुमार दास, दूसरा प्रस्ताव विश्वजीत, तीसरा प्रस्ताव अंजता नियो, चौथा प्रस्ताव रामेश्वर तेली, पांचवां प्रस्ताव राजदीप राय, छठा प्रस्ताव अशोक सिंघल, सातवां प्रस्ताव पीयूष हजारिका, और आठवां प्रस्ताव चक्रधर गोगोई की तरह से आया। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि सभी 8 प्रस्तावों को हमारे दो-दो विधायकों ने समर्थन दिया है। हमारे एनडीए के सभी विधायक यहां उपस्थित है। अतुल बोरा ने भी अपना प्रस्ताव दिया है. सहयोगी दलों के नेता और विधायकों ने भी समर्थन दिया है। इन सभी प्रस्तावों में एक ही नाम है। हिमंता बिस्वा सरमा. ऐसे में हिमंता बिस्वा सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। असम में हिमंता ने पूरे चुनाव की बागडोर संभाली थी। 126 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी ने अकेले दम पर 82 सीटें जीती हैं। जबकि सहयोगी दलों को मिलकार 102 सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है।

# थलपति विजय ने ली तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री पद की शपथ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई के साथ दे दिया खास संदेश

**चेन्नई।** पीएम मोदी ने रविवार को टीवीके प्रमुख सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खास मैसेज भी दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी।

टीवीके प्रमुख थलपति विजय ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण कर ली है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने चेन्नई स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित रंगारंग समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान टीवीके कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह में नजर आया। उन्होंने ताली और सीटियां बजाकर अपने नेता का हौसला बढ़ाया। थलपति विजय के शपथ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी पहुंचे, विजय ने उनके साथ मंच भी शेयर किया। तमिलनाडु के नए सीएम बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी थलपति विजय को बधाई दी है।



### राहुल गांधी भी शपथ ग्रहण के दौरान रहे मौजूद

जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में विजय के अलावा एन. आनंद, आधव अर्जुन, केजी अरुण राज, केए. सेंगोट्टैयन, पी.वेंकटरामनन, आर.निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ.टीके प्रभु और सेल्वी एस. कीर्तना ने मंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी के बीच थलपति विजय ने ईश्वर के नाम पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### शपथ ग्रहण के साथ ही विजय ने दिया बड़ा मैसेज

विजय के मंत्रियों ने भी ईश्वर के नाम पर शपथ ली। वहीं पूर्ववर्ती डीएमके सरकार में अधिकतर मंत्रियों ने ऐसा नहीं किया था। विजय के शपथ ग्रहण के साथ ही तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके का लगभग छह दशकों का दबदबा खत्म हो गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सी. जोसेफ विजय को बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र सरकार लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी।' प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर नए सीएम विजय को बधाई के साथ खास संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी।

## योगी कैबिनेट में छह नए चेहरे शामिल भूपेंद्र सिंह व मनोज पांडेय बने मंत्री

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट में शामिल होने वाले नए चेहरों में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सपा के बागी विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और अलीगढ़ के खैर से विधायक सुरेंद्र दिलेर, कृष्णा पासवान, हंसराज विश्वकर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट के विस्तार पर कहा, "हमारे जिन साथियों ने आज शपथ ली है, निश्चित है कि प्रदेश के विकास और आने वाले चुनाव में उनका बड़ा योगदान होगा।"

उन्होंने आगे कहा, "बंगाल का चुनाव और बिहार के चुनाव ने संदेश दे दिया है। विपक्ष के लोगों को पता चल गया है। जिस दिन बंगाल चुनाव के नतीजे आ रहे थे उस दिन अखिलेश यादव 4 घंटे तक बेहोश थे। नए मंत्रियों का हम स्वागत करते हैं।"



उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा, "हम संगठन के कार्यकर्ता है और पार्टी नेतृत्व, प्रधानमंत्री मोदी हमें जो भूमिका दे देते हैं उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है। मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभारी हूँ कि मुझे इस रूप में काम करने का अवसर दिया है। मैं नेतृत्व की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करूंगा। मेरी कोई अपेक्षाएं नहीं है, मुख्यमंत्री के आदेश का हम पालन करेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "अखिलेश यादव इतने वरिष्ठ नेता हैं, उनसे इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा नहीं की जाती। यह संवैधानिक प्रक्रिया है और प्रक्रिया के तहत ही मंत्रिमंडल का गठन होता है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी की ओर बढ़ रही है।"

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री मनोज कुमार पांडे ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और अपनी पार्टी का आभार व्यक्त करूंगा कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। पार्टी हमें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका हम पालन करेंगे। हम पार्टी के कार्यकर्ता है, पार्टी जो दिशा-निर्देश देगी उसपर काम करेंगे।

अखिलेश यादव के बयान पर उन्होंने कहा, "यह उनका मानसिक असंतुलन है। जब पूरे देश का जनादेश आज भाजपा, राष्ट्र और सनातन के स्तंभ के पक्ष में है तो समाजवादी पार्टी इस तरह के सवाल उठाती है।"

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का मैं धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री और संगठन के लोग मुझे जो भी दायित्व देंगे उसका मैं निर्वहन करूंगी।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि

## बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने की छोटे भाई की ईट मारकर हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिजौलिया गांव में घर के बंटवारे का विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शनिवार देर रात बड़े भाई और उसके बेटों पर छोटे भाई की ईंट मारकर हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



मृतक इरफान (35) मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी नसरीन के मुताबिक परिवार में काफी समय से घर के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन मामला नहीं सुलझा। शनिवार रात आरोप है कि इरफान के बड़े भाई अजब शाह ने घर की दीवार गिरा दी। इरफान ने इसका विरोध किया तो कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट होने लगी। नसरीन का आरोप है कि अजब शाह ने अपने बेटों शोएब और साहिल के साथ मिलकर इरफान पर हमला कर दिया। इसी दौरान इरफान के सिर पर ईंट से वार किया गया। ईंट के नुकीले हिस्से से गंभीर चोट लगने पर वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी घटना को लेकर तनाव का माहौल बन गया।

### दो साल के बेटे के सिर से उठा पिता का साया

पत्नी नसरीन ने बताया कि इरफान मजदूरी कर किसी तरह परिवार चला रहा था। उसका एक दो साल का बेटा है। पति की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नसरीन ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। मृतक की मां की तहरीर पर नवाबगंज थाने में अजब शाह और उसके बेटों शोएब व साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### पुलिस बोली- जल्द होंगे गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गजब... लग्जरी कार छोड़ ऑटो से भारत भ्रमण पर निकले दो विदेशी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से भारत घूमने आए दो टूरिस्ट अपने एक अनोखे तरीके की वजह से वायरल हो गए हैं। दरअसल, उन्होंने कोच्चि से जैसलमेर तक करीब 2,700 किमो का सफर एक ऑटो-रिक्शा चलाकर तय करने का फैसला किया। उनकी यह देश भर की यात्रा उन्हें मध्य भारत से होते हुए, राजस्थान के रेगिस्तान तक ले गई। इस दौरान उन्होंने रास्ते में, पूर्वी तट पर मौजूद मशहूर बोरा गुफाओं का भी चक्कर लगाया। इस दिल को छू लेने वाले पल को मुन्नवर खान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जहां उन्होंने इस अनोखी रोड ट्रिप के दौरान इस जोड़ी से हुई मुलाकात को रिकॉर्ड किया था।

## पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना बन्नू में देर रात हुई, जहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुलिस चौकी की ओर आ रही थी, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया।

विस्फोट के प्रभाव से आसपास के कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस चौकी की इमारत भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई सुरक्षाकर्मी मलबे के नीचे दब गए। विस्फोट के बाद समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप



भारी गोलीबारी हुई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हो गए। इस घटना में मारे गए हमलावरों की संख्या और उनमें से किसी की गिरफ्तारी के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस चौकी पर हुए हमले को ''अत्यंत दुःखद और कायरतापूर्ण कृत्य'' बताया और कहा कि ऐसे हमले पुलिस और जनता के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकते।

## बिहार-झारखंड समेत उत्तर और पूर्वी भारत में भारी बारिश, 6 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मौसम का दोहरा रूप देखने को मिल रहा है। बिहार और झारखंड में आए भीषण आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में छह लोगों की जान चली गई है और कई घायल हुए हैं। वहीं झारखंड के कोडरमा में बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन सदस्य मारे गए। हालांकि, राजस्थान और गुजरात में लू का प्रकोप जारी रहने की आशंका है। अच्छी खबर यह है कि मानसून अपने तय समय पर है और एक जून तक केरल पहुंच सकता है।



भीषण गर्मी के मौसम में पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में मौसम कहर बरपा रहा है। आंधी-तूफान, गरज और चमक के साथ तेज बारिश से जुड़ी घटनाओं में बिहार और झारखंड में छह लोगों की जान चली गई है, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। मौसम के इस बदले मिजाज का असर पूर्वोत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक देखने को मिल रहा है, जहां छिटपुट से लेकर भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। फिलहाल इससे राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है, क्योंकि उत्तर-पश्चिम भारत में 11 मई से आंधी-तूफान और बारिश का एक नया दौर शुरू होने वाला है।

**चेतावनी** अमेरिकी सैन्य केंद्रों और दुश्मन के युद्धपोतों पर भीषण हमला करेगा

## हमला करोगे तो यूएस बेस तबाह कर देंगे, ट्रंप को अल्टीमेटम

**नई दिल्ली।** ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' (IRGC) ने शनिवार को खुली चेतावनी दी है कि अगर खाड़ी क्षेत्र में उसके तेल टैंकरों या व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया, तो वह मध्य-पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य केंद्रों और दुश्मन के युद्धपोतों पर भीषण हमला करेगा।

ईरान का यह आक्रामक रुख शुक्रवार को ओमान की खाड़ी में हुई उस घटना के बाद आया है, जिसमें अमेरिकी सेना ने दो ईरानी टैंकरों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था। अमेरिका का आरोप था कि ये टैंकर उसकी 'बंदरगाह घेराबंदी' का उल्लंघन कर रहे थे। इसके जवाब में ईरानी सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की बात कही है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया था कि उन्हें 'रात तक' शांति समझौते के प्रस्ताव पर ईरान का जवाब मिलने की उम्मीद है। पाकिस्तान इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, लेकिन तेहरान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक या सकारात्मक संकेत नहीं मिला है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नेतृत्व की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। तुर्की के विदेश मंत्री के साथ बातचीत में उन्होंने साफ कहा कि एक तरफ अमेरिका कूटनीति की बात करता है और दूसरी तरफ फारस की खाड़ी में संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। अराघची के अनुसार, अमेरिकी सेना की इन हरकतों ने कूटनीति के रास्ते में उनकी गंभीरता पर गहरा संदेह पैदा कर दिया है।

> पाकिस्तान इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, लेकिन तेहरान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक या सकारात्मक संकेत नहीं मिला है।

ईरान के साथ सीधे तनाव के अलावा लेबनान सीमा पर भी हालात काबू से बाहर हैं। इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच तीन हफ्ते पुराने संघर्ष विराम के बावजूद शनिवार को भारी गोलाबारी हुई। दक्षिण लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 9 लोग मारे गए, जबकि हिजबुल्लाह ने विस्फोटक ड्रोनों से उत्तरी इजरायल पर हमला किया, जिसमें एक इजरायली रिजर्व सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अजमेर शरीफ की 'बड़ी देग' में कूदा युवक, जमकर हुई कुटाई

**नई दिल्ली।** अजमेर शरीफ दरगाह परिसर के अंदर, 'बड़ी देग' के नाम से मशहूर एक विशाल कड़ाहे में रविवार को एक युवक कूद गया। जानकारी के अनुसार, युवक अचानक उस बड़े कड़ाहे की तरफ भागा, जबकि वहां मौजूद सेवक और कर्मचारी उसे रोकने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, रोके जाने से पहले ही वह 'देग' में कूदने में कामयाब हो गया। यह पूरी घटना दरगाह परिसर में लगे CCTV कैमरों में कैद हो गई। इस दौरान उसकी जमकर कुटाई भी हुई।

घटना के बाद दरगाह के कर्मचारियों को बीच-बचाव करना पड़ा तब जाकर युवक बाहर आ सका। समाचार एजेंसी ANI के अनुसार, शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि युवक मानसिक रूप से अस्थिर है। हालांकि, उसकी



पहचान और इस हरकत के पीछे का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इस घटना में किसी बड़े नुकसान या गंभीर चोट की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। फिलहाल दरगाह समिति, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं और जांच के हिस्से के तौर पर CCTV फुटेज खंगाल रहे हैं।

# बरेली के अनुज ने 12,861 फीट ऊंचे लेपचा ला तक परिवार संग तय किया 2200 किमी का सफर

- एक हाथ खोया, हौसला नहीं...कई महीनों तक अस्पताल में जिंदगी से संघर्ष किया हो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के रहने वाले अनुज सक्सेना की कहानी सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि जिंदगी से जंग जीतने की प्रेरक मिसाल है। जिस व्यक्ति ने एक हादसे में अपना एक हाथ खो दिया हो, जिसके दोनों पैरों में रॉड डली है।जिसने कई महीनों तक अस्पताल में जिंदगी से संघर्ष किया हो, वही आज हिमालय की दुर्गम वादियों में अपनी कार दौड़ाकर लोगों के लिए हौसले की


परिवार के साथ मौजूद अनुज सक्सेना।

नई परिभाषा बन गया है।

बरेली के व्यवसायी अजीत सक्सेना के बेटे अनुज सक्सेना पेशे से अधिवक्ता हैं। साथ ही एक न्यूज चैनल के लिए रिपोर्टिंग भी करते हैं। कुछ वर्ष पहले वह अपनी पत्नी के लिए आइसक्रीम लेने निकले थे, तभी एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसा इतना भयावह था कि उन्हें अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। करीब 11 बड़े ऑपरेशन हुए, दोनों पैरों में रॉड डाली गई और लंबे समय तक इलाज चलता रहा।हालात ऐसे थे कि कोई भी इंसान टूट जाए, लेकिन अनुज ने जिंदगी के सामने हार नहीं मानी। पिता के साहस और पत्नी श्वेता सक्सेना के अटूट साथ ने उन्हें फिर से खड़ा कर दिया। उन्होंने दर्द को कमजोरी नहीं बनने दिया और अपने पुराने शौक ड्राइविंग को ही अपनी नई ताकत बना लिया।ड्राइविंग और पर्यटन के शौकीन अनुज ने फिर से स्टीयरिंग संभाली और अब तक देश के कई पर्यटन स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। इस बार उन्होंने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ करीब 2200 किलोमीटर लंबा सफर तय कर हिमाचल प्रदेश की दुर्गम स्पीति घाटी तक पहुंचने का सपना पूरा किया। इस यात्रा का सबसे खास पड़ाव रहा 12,861 फीट की ऊंचाई पर स्थित लेपचा ला, जहां तक पहुंचना सामान्य लोगों के लिए भी आसान नहीं माना जाता। ऊंचे पहाड़, लगातार घुमावदार सड़कें, गहरी खाइयां और बदलता मौसम हर पल चालक की परीक्षा लेता है,लेकिन अनुज ने अपने मजबूत इरादों से हर मुश्किल को पीछे छोड़ दिया।स्पीति घाटी हिमाचल प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में समुद्र तल से 12 से 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसे लिटिल तिब्बत के नाम से जाना जाता है। यहां का मौसम बेहद ठंडा और शुष्क रहता है।

सर्दियों में तापमान माइनस 20 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि गर्मियों में भी यहां बर्फीली हवाएं चलती रहती हैं।अनुज ने इस यात्रा के दौरान काजा, ताशीगंग, मांजा और ल्हासा जैसे खूबसूरत इलाकों का भ्रमण किया। स्पीति घाटी अपनी बौद्ध संस्कृति और प्राचीन मठों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां स्थित की मठ और ताबो मठ बौद्ध धर्म के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं। ताबो मठ को हिमालय का अजंता भी कहा जाता है।

### काजा का पेट्रोल पंप दुनिया के सबसे ऊंचे पेट्रोल पंपों में गिना जाता

स्पीति में दुनिया के सबसे ऊंचे गांवों में शामिल कोमिक और हिक्किम भी मौजूद हैं। हिक्किम का पोस्ट ऑफिस दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित डाकघर माना जाता है, जहां से पर्यटक पोस्टकार्ड भेजना नहीं भूलते। वहीं काजा का पेट्रोल पंप दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बने पेट्रोल पंपों में गिना जाता है। अनुज सक्सेना की यह यात्रा सिर्फ पहाड़ों तक पहुंचने की कहानी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि अगर हौसले बुलंद हों तो जिंदगी की कोई भी मुश्किल इंसान को रोक नहीं सकती।

# फिल्मी स्टाइल में शराब के सेल्समैन का अपहरण करके ले गए दबंग

## परिजनों से मांगी एक लाख की फिरौती,पुलिस ने 18 घंटे में किया युवक को बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पीलीभीत बाइपास पर शनिवार रात मामूली बाइक टच होने के बाद दबंगों ने शराब दुकान के सेल्समैन का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर लिया। कार सवार आरोपी युवक को जबरन उठाकर ले गए और रातभर शहर में घुमाकर उसकी बेरहमी से पिटाई करते रहे। आरोपियों ने युवक के मोबाइल से उसके परिचितों को कॉल कर एक लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। सूचना मिलते ही इज्जतनगर पुलिस हरकत में आई और करीब 18 घंटे बाद युवक को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार भी कब्जे में ले ली है।


पीड़ित सेल्समैन।

भुता थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक गंगवार केसरपुर स्थित शराब दुकान पर सेल्समैन हैं। रविवार को इज्जतनगर थाने पहुंचे अभिषेक ने बताया कि वह अपने परिचित ललित पटेल समेत पांच लोगों के साथ दो बाइक से प्लॉट दिखाकर वापस लौट रहे थे। रात करीब साढ़े नौ बजे पीलीभीत बाइपास पर महानगर के पास पीछे से तेज रफ्तार कार निकली और उनकी बाइक में हल्की साइड लग गई। अभिषेक के मुताबिक उन्होंने आवाज लगाकर एतराज जताया तो कार सवार चार युवक गाड़ी से उतर आए। देखते ही देखते उन्होंने अभिषेक को पकड़कर जबरन कार में डाल लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पूरी रात उसे कार में घुमाते रहे और मारपीट करते रहे। आरोपियों ने उसके मोबाइल से परिचितों को फोन कर एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। अभिषेक ने जब अपनी आर्थिक स्थिति और दो बहनों की शादी की जिम्मेदारी का हवाला दिया तो आरोपी उसके परिवार को लेकर अभद्र बातें करने लगे। घटना के बाद परिवार और परिचितों में दहशत फैल गई। ललित पटेल ने तुरंत इज्जतनगर पुलिस को अपहरण की सूचना दी।

### फ्लाइट मोड करते रहे मोबाइल, पुलिस को हुई परेशानी

इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि पुलिस ने सर्विलांस की मदद से कई टीमें लगाईं। आरोपी बार-बार अभिषेक का मोबाइल फ्लाइट मोड पर कर देते थे, जिससे लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी आई। लगातार ट्रैकिंग के बाद रविवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस ने हवाई अड्डे के पास से अभिषेक को मुक्त करा लिया।

### एक गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

पुलिस ने क्योलड़िया थाना क्षेत्र के चंद्रपुर ख्यालीराम गांव निवासी उमाशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से इस्तेमाल की गई कार भी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक नवाबगंज के रिछौला निवासी विमल, क्योलड़िया के गुलड़िया लेखराज निवासी आकाश और हरनेश अभी फरार हैं। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। जांच में सामने आया है कि कार गाजियाबाद की एक कंपनी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस को आरोपियों की गतिविधियां संदिग्ध लग रही हैं और किसी गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

## पति ने पत्नी के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर किए वायरल

**पूरनपुर।** विवाद के बाद युवक ने अपनी पत्नी के फोटो अपने साथियों के साथ एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसका अपने पति से विवाद चल रहा है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसको रोक लिया। इसके बाद गाली गलौज कर विवाद करने लगा। जैसे तैसे मामला शांत हुआ। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसको बदनाम करने के लिए अपने साथियों के साथ उसके फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिससे उसकी बदनामी और छवि धूमिल हो रही है। फोटो वायरल होने से महिला की मानसिक संतुलन खराव होने लगा है। महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### शराब की दुकान को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**पूरनपुर/कलीनगर।** बूंदीभूड़ गांव में शराब दुकान विवाद को लेकर हुए बवाल के बाद ग्रामीणों और महिलाओं पर दर्ज हुए मुकदमे के बाद मामला तूल पकड़ गया। शनिवार को कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार गांव पहुंचे। शाम करीब छह बजे सीओ प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर अशोक पाल सिंह समेत फोर्स के साथ गांव पहुंचे,अधिकारियों ने ग्रामीण व महिलाओं के साथ एक बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि मामला अभी प्रारंभिक सूचना के आधार पर दर्ज हुआ है और विवेचना जारी है। इसलिए किसी को डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस ने कहा कि ग्रामीण सामान्य तरीके से अपने घर, बाजार और नौकरी पर जा सकते हैं, किसी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान अधिकारियों ने यह भी कहा कि विवेचना प्रक्रिया में समय लगता है। निष्पक्ष जांच के बाद दर्ज प्राथमिकी समाप्त करने की दिशा में भी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि महिलाओं ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें भरोसा करने में डर लग रहा है, क्योंकि पहले भी बातचीत के दौरान शराब की दुकान खुलवाने की कोशिश के चलते विवाद बढ़ा था। करीब आधे घंटे तक चली बैठक में यह सहमति बनी कि यदि एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट खत्म करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है तो ठीक वरना ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे।

### विस्थापित किसानों को नही मिल रही यूरिया खाद

**पूरनपुर।** विस्थापित किसानों को अभी तक यूरिया नहीं मिल पा रही है। इससे किसान परेशान हैं। मजबूरन अधिक मूल्य पर दूसरे कस्बों से किसानों को खाद खरीदनी पड़ रही है। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में पुनर्वास योजना के तहत 415 परिवारों को तीन और कुछ को ढ़ाई एकड़ कृषि जमीन देकर बसाया गया था। जो जमीन इन परिवारों को आवंटित की गई। उसे वन विभाग अपनी बता रहा है। विवाद के चलते जमीन का राजस्व अभिलेखों में अमल दरामद नहीं हो सका। इससे बसाए गए परिवारों को अब तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल सका। हालांकि किसान जमीन पर फसलें कर रहे है। किसान पंजीकरण आदि न होने से किसानों को खाद सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पिछले महीने प्रधान वासुदेव कुंडू के नेतृत्व में विस्थापित परिवारों के कुछ सदस्यों ने एसडीएम से मिलकर खाद दिलाने को ज्ञापन दिया था। इसके बाद कृषि विभाग और प्रशासनिक अफसरों के निर्देश पर गांव के खाद व्यापारियों ने गन्ना सट्टे के हिसाब से खाद देना शुरू कर दिया, लेकिन कुछ दिन बाद यूरिया न होने की जानकारी देकर किसानों को मना कर दिया गया। अब प्रधान ने डीएम को पत्र भेजकर किसानों को यूरिया दिलाने की मांग की है। जिससे किसानो की समस्या का निस्तारण किया जा सके।

### बूंदी भूड में विधायक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**कलीनगर।** विधायक बाबूराम पासवान के साथ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बूंदी भूड में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। ग्रामीणों ने इंटर कॉलेज की स्थापना, विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को गांव पहुंचकर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। विधायक बाबूराम पासवान ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर, नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


बूंदीभूड़ में लोगों से रूबरू होते जिलाधिकारी, विधायक व अन्य।

# इलाज नहीं मिला तो बीमार पत्नी को ठेले पर लादकर जिला अस्पताल से ले गया बुजुर्ग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी से शनिवार को ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने हर किसी को झकझोर दिया। एक बुजुर्ग अपनी बीमार पत्नी को ठेले पर लिटाकर अस्पताल से बाहर निकलता दिखा। चेहरे पर लाचारी, आंखों में गुस्सा और जुबान पर व्यवस्था के खिलाफ दर्द था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालों की बौछार शुरू हो गई।

वायरल वीडियो में बुजुर्ग बार-बार कहता सुनाई दे रहा है कि उसकी पत्नी की हालत गंभीर है, लेकिन अस्पताल में भर्ती नहीं किया जा रहा। वह गुस्से और दर्द में कहता है कि अगर इलाज नहीं मिलेगा तो वह मर जाएगी, इससे अच्छा है कि घर पर ही मर जाए। वीडियो में महिला बेहद कमजोर हालत में ठेले पर लेटी दिखाई दे रही है, जबकि बुजुर्ग खुद ठेला खींचते हुए अस्पताल से बाहर


पत्नी को ठेले पर लिटाकर अस्पताल से ले जाता बुजुर्ग।

निकल रहा है। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग अपनी पत्नी को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था। आरोप है कि घंटों इंतजार कराने के बाद भी महिला को भर्ती नहीं किया गया। अस्पताल में इधर-उधर भटकने और कोई सुनवाई न होने से परेशान होकर बुजुर्ग ने आखिरकार ठेले का सहारा लिया और पत्नी को लेकर वापस लौट गया। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि अस्पताल परिसर में लोग वीडियो बनाते रहे, लेकिन मदद के लिए आगे कोई नहीं आया। कोई बुजुर्ग को सहारा देता नहीं दिखा, कोई महिला को स्ट्रेचर तक नहीं दिला सका। इमरजेंसी के बाहर यह दृश्य लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा।

**अस्पताल प्रशासन ने दी सफाई**

मामला वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया। एडी एसआईसी डॉ. आरसी दीक्षित ने बताया कि महिला पिछले तीन दिन से अस्पताल में भर्ती थी। उसका ब्लड शुगर काफी बढ़ा हुआ था और शुक्रवार को सांस फूलने की शिकायत के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था।

**वायरल वीडियो ने खड़े किए बड़े सवाल**

यह वीडियो सिर्फ एक परिवार की परेशानी नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत भी दिखा रहा है। सवाल यह है कि अगर महिला की हालत इतनी गंभीर थी तो उसे ठेले पर अस्पताल से बाहर जाने तक किसी ने क्यों नहीं रोका, आखिर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों और तीमारदारों को ऐसी नौबत क्यों झेलनी पड़ रही है।

### महिलाओं पर लाठीचार्ज की सूचना से भड़की भाकियू

**पूरनपुर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र के नेपाल सीमा पर स्थित बूंदीभूड़ गांव में हुए बवाल के दौरान महिलाओं पर लाठीचार्ज का मामला तूल पकडता जा रहा है। रविवार को महिलाओं पर लाठीचार्ज की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह,कपिल कुमार,अजय कुमार सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूंदीभूड गांव पहुंचे, उन्होंने महिला से जानकारी ली। ग्रामीण और महिलाओं ने वताया कि आबादी के बीच शराब की दुकान खोले जाने से गांव का माहौल खराब होगा और युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। आने जाने वाली महिलाओं व लकडियों को परेशानी होती है। शिकायत के बाद भी दुकान नही हट सकी। महिलाओं ने दुकान के बाहर धरना देकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज की कडी निंदा कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि महिलाएं घायल हैं। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शराब की दुकान नहीं हटाई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एसडीएम और पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया मातृदिवस


मुख्य अतिथि को सम्मानित करती पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नेशनल पब्लिक स्कूल, केशव पुरम में दो दिवसीय मातृदिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मां की महिमा और जीवन में उनके महत्व को दर्शाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।


कार्यक्रम का शुभारंभ अंजना अग्रवाल, प्रियंका मित्तल और चरणजीत कौर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कक्षा 4 की आविदा की माता तरन्नुम, कक्षा 3 के विशाल की माता देविका, कक्षा 2 के शौर्य गुप्ता की माता सुदीप्ति गुप्ता, कक्षा 5 की पाखी सक्सेना की माता नीरू सक्सेना, कक्षा 1 के किट्टू चौधरी की माता खुशबू चौधरी, यूकेजी के कार्तिक और कक्षा 1 के हर्ष की माता ऊषा गंगवार, कक्षा 3 की अनन्या की माता नीतू ठाकुर, एलकेजी की दृष्टि व कक्षा 2 के युवराज की मां अनीता कुमारी तथा यूकेजी के आरव की मां प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रियंका मित्तल, चरणजीत कौर तथा विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस कोमल गोस्वामी ने मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को अपनी माताओं का सम्मान करने की प्रेरणा दी और सभी को मातृदिवस की शुभकामनाएं दीं।

# प्रेमियों के साथ फरार हुईं दो युवतियां, एक में केस दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र की दो युवतियां अपने-अपने प्रेमियों के साथ घर से फरार हो गईं। घटनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। एक मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं क्षेत्र के ही दूसरे गांव की एक युवती भी अपने प्रेमी के साथ




घर से चली गई। परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं। लेकिन अभी तक दोनों की कोई जानकारी नहीं लग सकी है। मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एक मामले में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरे मामले की जांच में शुरू की है। पुलिस ने बताया कि एक मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

प्रचार

गांवों में जनता ने लगाए होर्डिंग बैनर, रमजानपुर, लोहाठेर, मिढोली में की जनसभा, पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने किया P D A का प्रचार, अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का किया आवाह्न

# सपा के पूर्व मंत्री आबिद रजा का शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री लगातार पूरे जनपद में पीडीए का प्रचार करके 2027 के चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। गांव-गांव जाकर जनसभा व ब्यान के माध्यम से पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पूरे जिले की जनता में चर्चा का विषय बने हुए हैं। प्रत्याशी जनता से चुनाव लड़ाने का आग्रह करता है लेकिन यहां मामला पूरी तरह से उल्टा दिख रहा है। यहां जनता उनको क्षेत्र से चुनाव लड़ाने का आग्रह कर रही है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि यहां अब तक जो भी चुनाव जीते उन्होंनें लौटकर क्षेत्र के लोगों को नही देखा। जनता के साथ छलावा होता रहा है। लेकिन जनता अब किसी छलावे में आने वाली नहीं हैं। जनता ने पूरी तरह से मन


पूर्व मंत्री आबिद रजा का शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत करते लोग।

बना लिया है कि वह आबिद रजा को ही चुनाव लड़ाकर भारी मतों से विजयी बनाएगी। इससे सपा के एक खेमे से लेकर अन्य पार्टियों में हलचल तेज हो गई है।

रविवार को उन्होंने रमजानपुर, लोहाठेर, मिढोली, कादरचौक आदि गांवों में जनसभा को संबोधित किया। गांव पहुंचने पर जनता ने छतों से फूलों की बारिश की और उन्हें मालाओं से लाद दिया। विशेष तौर पर रमजानपुर जब आबिद रज़ा पहुंचे तब रमजानपुर के लोग सभा स्थल तक आबिद रज़ा को ढोल नगाड़ों के साथ फूलों की बारिश करते हुए जुलूस बनाकर ले गए। यहां की जनता ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से 116 शेखुपुर विधानसभा से 2027 में चुनाव लड़ने की मांग रखी और जनता ने कहा हम शेखुपुर में बहुत नेताओं को देख चुके जो कहते कुछ है, करते कुछ हैं। चुनाव में बड़े बड़े वायदे करके जाते हैं, चुनाव जीतने के बाद विकास करने की बात छोड़ो पलट कर गांव भी नहीं आते हैं। जनता ने यह भी कहा कि शेखुपुर 116 में चुनाव दो नेताओं में फिक्स मैच है। "एक बार हम जीत लें, दूसरी बार तुम जीत लो"। कोई नेता शेखुपुर से लगातार दूसरी बार नहीं जीता। क्योंकि कोई काम नहीं करता। जनता इसलिए भी परेशान है कि शेखुपुर में दो नेताओं के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए जनता ने आबिद रज़ा से विशेष आग्रह किया कि आप इस बार शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़े। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने जनसभा में कहा कि मैं शेखूपुर के लोगों का शुक्रिया कहना चाहूंगा। यह मेरी खुश किस्मती है कि मैने आपके दिलों में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की, यह ऊपर वाले का शुक्र है। इसीलिए मैं जब शहर का चेयरमैन था बदायूं क्लब जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष एसपी होते हैं तथा लगभग 150 मेंबर पूरे जिले के इंटलेक्चुअल लोग होते हैं। बदायूं क्लब द्वारा मुझे "विकास पुरुष" का खिताब मिला और जब मैं मंत्री था तब मुझे बदायूं क्लब द्वारा "बदायूं रत्न" का खिताब मिला। यह सच है शेखुपुर विधानसभा के कई गांवों में दौरा कर चुका। इलाके की टूटी सड़के, खस्ता हाल शिक्षा व्यवस्था, लाचार चिकित्सा व्यवस्था विकास के नाम पर जीरो। शेखूपुर विधानसभा की हालत खुद बयां कर रही है कि शेखूपुर की जनता ने जिन नेताओं को जिम्मेदारी देने के लिए वोट किया जनप्रतिनिधियों ने शेखुपुर की जनता के वोट के साथ इंसाफ नहीं किया। यह शेखुपुर के नेताओं की बदकिस्मती है।

रमजानपुर में लगभग 15 से 20,000 जनसंख्या होने के बाद भी अगर रमजानपुर का टाउन एरिया का दर्जा नेता नहीं दिला पाए। हम वायदा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद हम वायदा करते हैं कि रमजानपुर को नगर पंचायत बनाएंगे। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ विनोद यादव, बृजेश यादव, रामौतार जाटव, सुहैल अहमद, रमेश बाल्मीकि, रवि कश्यप, सुरेश मौर्या, नन्हे जाटव, सुनील यादव, हर्षित यादव, अरुण यादव, बहादुर खां, यूनुस खां, जाबिर खां आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


**घंटो-घंटों आए दिन लग रहा है जाम, राहगीरों को आ रहीं है मुसीबतें**

# हामिद स्कूल का डिवाइडर शहरवासियों के लिए बन रहा जी का जंजाल, दुश्वारियां



हामिद स्कूल का डिवाइडर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** हामिद स्कूल का डिवाइडर शहरवासियों के लिए जी का जंजाल बन गया है इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। साथ ही घंटो-घंटो जाम लग रहा है। इससे लोगों को काफी दिक्कतें आ रही है। यहां के दुकानदारों के अनुसार डिवाइडर यहां से हटना चाहिए क्योंकि इससे लोगों के आवागमन में परेशानियां आ रही है।

वर्ष 2012 सपा सरकार में नगर पालिका परिषद ने शहर में कई स्थानों पर डिवाइडर लगाए गए थे। जिससे कि लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। वर्ष 2012 से पहले भी डिवाइडर बनाए गए थे। लेकिन बसपा सरकार में इन तोड़ दिया गया था। फिर दुबारा से इनका निर्माण करा दिया गया। जब ही से डिवाइडर यह लगे हुए है। शहर की जनता के अनुसार अगर यहां से डिवाइडर हटाया जाता है तो लोगों के साथ-साथ दुकानदारों के लिए संजीवनी साबित होगा। साथ ही जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



हामिद स्कूल का डिवाइडर से आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसको लेकर दुकानदारों को काफी दिक्कतें हो रही है। व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पालिका ईओ से मिलेगा।- संदीप अग्रवाल सोनी।



डिवाइडर के हटने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। जिन- जिन स्थानों पर यह लगे हुए है इसलिए इनको हटाया जाए। जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कत न हो।

- नितिश अग्रवाल



डिवाइडर के होने से आए दिन हादसे हो रहे है जिससे लोग चोटिल हो रहे है, इसलिए इसको हटाया जाना अति आवश्यक है। यह शहरवासियों के लिए दुविधा पैदा कर रहा हैं।

- **अरविंद गुप्ता।**



हामिद स्कूल का डिवाइडर शहर का मुद्दा है इसको लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके हटने से आवागमन में कोई दिक्कत पैदा नहीं होगी।

- **राजीव गुप्ता।**

### इन स्थानों पर लगे हैं डिवाइडर

सपा सरकार में शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर डिवाइडर लगे थे। जिसमें हामिद स्कूल, गुय्या तालाब और जनरल अजीमुद्दीन पार्क शामिल है। जानकारों के अनुसार डिवाइडर लगाने के लिए दोनों ओर कम से कम 3 मीटर सड़क चौड़ी होनी आवश्यक है। लेकिन सत्ता की हनक में तीनों स्थानों पर डिवाइडरों का निर्माण कराया गया।

### व्यापारी आज देंगे धरना

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि हामिद स्कूल का डिवाइडर अहम मुद्दा है। इससे आए दिन हादसे हो रहे है साथ ही घंटो-घंटो जाम लग रहा है। यहां पर डिवाइडर लगने के मानक नहीं हैं। लेकिन जबरन तरीके से डिवाइडर लगाए गए हैं। इसको लेकर सोमवार को नगर पालिका परिषद में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रतिनिधिमंडल इसको हटाने के लिए ईओ से मिलेगा।

## आवारा कुत्ते ने बालक और भैंस पर किया हमला

**शाहबाद।** रविवार को तहसील क्षेत्र के कासव नगला गांव में आवारा कुत्ते ने गांव में एक भैंस और बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में मासूम बच्चा जख्मी हो गया।जिसको परिजन उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, और उसका उपचार कराया।मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कासव नगला गांव में आवारा कुत्ते ने राजकुमार के दस वर्षीय बेटे आर्यन पर हमला कर दिया, कुत्ते के हमले में मासूम आर्यन जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने दौड़कर मासूम को कुत्ते से छुड़ाया। उसके बाद कुत्ते ने लालजी की भैंस को काटकर जख्मी कर दिया। आवारा कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।



आवारा कुत्ते के काटने से जख्मी आर्यन।

## एक नजर

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिग : प्रदेश में जनपद रामपुर को मिला पहला स्थान

**रामपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक महोदय बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देशन में जनपद ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह अप्रैल- 2026 की रैंकिंग में सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद रामपुर 87 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह अप्रैल- 2026 में प्रथम स्थान पर आया है ।इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जनपद सीएम डैशबोर्ड रैंकिग में 21 बार प्रथम स्थान पर कायम रहा तथा माह जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा ।सीएम डैशबोर्ड में 50 बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है। जिसमें मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से तय की जाती है। अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (कुल अपराध), अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध सहित 32 बिन्दुओं पर रिपोर्ट तैयार की जाती है।

### सांसद वैवाहिक कार्यक्रमों में हुए शामिल

**रामपुर।** लोकसभा क्षेत्र से सांसद मोहिब्बुल्ला नदवी इन दिनों अपने क्षेत्र में सघन जन-संपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। ग्राम खौद में आलम हाजी के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर परिवार को बधाई दी।माटखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरकड़ी में गुलाम नबी की सुपुत्री के शादी समारोह में शामिल होकर बधाई दी।इस पूरे दौरे के दौरान उनके साथ महबूब अली पाशा, अय्यूब हाजी, हाफिज नूरी, डॉ. मकतूब अहमद, नासिर खान, जमील सैफी, आसिफ अली, डॉ. मेहंदी हसन, डॉ. रियासत, सुहेल जुबैर, सैफ अली सहित भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### डायरेक्टर को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**रामपुर।** द ओपल होटल के डायरेक्टर नरेश सिंघल को टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन ने सम्मानित उनके आवास पर किया गया। उपकास की 65वीं कार्येकारिणी बैठक व जीएसटी सेमीनार के सफल आयोजन में डायरेक्टर, स्टाफ द्वारा बिना किसी भेदभाव व मन से सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किसा गया। उनको वर्ष 2026-2027 के लिए जीएसटी टैक्स स्मारिका एवं स्मृति चिन्ह भेंट स्वरुप प्रदान किया गया।

## हादसा: रोडवेज बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, कोहराम

- **रोरा जीरो पॉइंट पर सड़क पार करते समय हुआ हादसा**
- **तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया**

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मिलक।** मिलक क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। रोरा कला निवासी मथुरा प्रसाद पुत्र चिरंजी लाल, 62, रविवार दोपहर करीब 5 बजे रोरा जीरो पॉइंट के निकट सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज गति से आई रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मथुरा प्रसाद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल मथुरा प्रसाद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही अस्पताल में मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मथुरा प्रसाद की तीन बेटियां हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि सबसे छोटी बेटी अभी पढ़ाई कर रही है। पिता की मौत से सबसे छोटी बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। घर में मातम पसरा है।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है रहांगीरो ने रोडवेज को पकड़ लिया है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलकखानम।** युवती की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। युवती की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मिलकखानम निवासी 19 साल की पिंकी पुत्री महेंद्र ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर बहन करिश्मा उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।परिजनों के अनुसार युवती ने किन कारणों से जहरीला पदार्थ खाया, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।





## हिरन ने बाइक के सामने लगाई छलांग, बाइक सवार महिला जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



हिरन से बाइक टकराने से घायल महिला।

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के तुरखेड़ा गांव के पास दंपति की बाइक के आगे अचानक हिरन आने से बाइक सवार महिला ज़ख्मी हो गई। जिनको उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शनिवार देर शाम शाहबाद-आसफपुर रोड स्थित तुरखेड़ा गांव के आगे बाइक सवार दंपति के सामने अचानक हिरण के आ जाने से बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढकिया गांव निवासी सोहित प्रताप सिंह शनिवार को अपनी पत्नी योगिता सिंह को संग लेकर जरूरी काम से शाहबाद आए हुए थे, देर शाम वापस गांव लौटते समय तुरखेड़ा गांव के पास बाइक सवार दंपति के सामने जंगल की तरफ से छलांग लगाता हुआ हिरण आ गया। सोहित प्रताप सिंह जब तक कुछ समझ पाते, उनकी बाइक हिरन से जा टकराई। जिसके चलते बाइक सड़क पर गिर गई।बाइक पर पीछे बैठी उनकी पत्नी योगिता सिंह जख्मी हो गईं। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने घायल महिला को आनन-फानन में उठाया और उपचार के लिए शाहबाद के एक निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर जंगली जानवर अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिसके कारण आए- दिन वाहन चालक हादसों का शिकार होते रहते हैं।

## बालाजी दर्शन को गया परिवार, चोरों ने खंगाला घर

- **मिलक के शाहूजीनगर में ताले तोड़कर लाखों की चोरी, जेवर-नकदी ले उड़े चोर**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** नगर के शाहूजीनगर मोहल्ले में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार बालाजी के दर्शन करने राजस्थान गया था, पीछे से चोर ताले तोड़कर जेवर व नकदी ले उड़े। इस संबंध में राहुल गंगवार पुत्र प्रेमशंकर मूल निवासी ग्राम निस्वी थाना मिलक ने पुलिस को तहरीर दी है। राहुल वर्तमान में कस्बा मिलक के मोहल्ला शाहूजीनगर, , बिलासपुर रोड बाईपास के निकट झम्मनलाल के मकान में किराये पर रहते हैं।

राहुल ने बताया कि वह परिवार सहित 8 मई 2026 को बालाजी के दर्शन करने राजस्थान गए थे। 9 मई की रात अज्ञात चोरों ने घर के सभी ताले तोड़कर चोरी कर ली। पड़ोसियों ने मेन गेट का ताला टूटा देखकर सूचना दी।राहुल के भाई ने मौके पर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था।

चोर गले का सोने का ओम, सोने की चैन, सोने की झुमकी एक जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की एक जोड़ी पायल, बच्चों की दो गुल्लक में रखे करीब 10,000 रुपये व 20,000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़ित राहुल ने बताया कि वह बच्चों को पढ़ाने के लिए मिलक में किराये पर रह रहा था।उसने थाना मिलक में तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुत्तों के झुंड ने नीलगाय पर किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद में कुत्तों के झुंड के हमले में जख्मी नीलगाय। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव के जंगल में आवारा कुत्तों के हमले से एक नीलगाय गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कुत्तों के झुंड ने नीलगाय पर हमला कर दिया, जिससे उसकी पिछली एक टांग बुरी तरह जख्मी हो गई। घायल नीलगाय काफी देर तक जंगल में तड़पती रही। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग कि टीम सक्रिय हो गई। टीम ने चिकित्सकों के साथ पहुंचकर नीलगाय का उपचार कराया। ग्रामीणों के अनुसार जंगल की ओर गए कुछ लोगों ने नीलगाय को घायल अवस्था में देखा। उसके शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे और वह चलने-फिरने में असमर्थ दिखाई दे रही थी। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे वन्य जीवों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी खतरा बना हुआ है।सूचना मिलने पर वन विभाग को मामले से अवगत कराया गया।दरोगा टीकाराम ने बताया कि नीलगाय का उपचार कराया जा रहा है।

## कार्रवाई : जानवर काटते तीन युवक गिरफ्तार, 1.5 कुन्तल मांस बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर के मोहल्ला आजाद नगर में अवैध रूप से भैंस का वध करते तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से करीब 1.5 कुन्तल भैंस का मांस सहित उपकरण भी बरामद किये गये।

पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक ऋषभ पुंडीर के नेतृत्व में पुलिस टीम शांति व्यवस्था व गश्त टीम रामपुर तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी कि मोहल्ला आजाद नगर में जाहिद के मकान में कुछ लोग भैंस काट रहे हैं। सूचना की पुष्टि के लिए टीम तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस टीम ने मकान के अंदर झांककर देखा तो बरामदे में तीन व्यक्ति क्रूरता से भैंस का वध कर उसके मांस के टुकड़े कर रहे थे। उन्होंने एक-दूसरे से कहा भी कि जल्दी काम खत्म करो, कोई आ न जाए। पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया और तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में गुफरान निवासी मोहल्ला युसुफ, कस्बा टांडा,उसके पास एक कुल्हाड़ी बरामद हुई।शुऐब निवासी मोहल्ला मनिहारान, कस्बा टांडा,उबैद निवासी मोहल्ला मनिहारान, कस्बा टांडा दोनों के पास छुरियां बरामद हुईं।तीनों आरोपियों ने पूछताछ पर पुलिस को बताया कि उनके यहां शादी का कार्यक्रम था, इसलिए उन्होंने भैंस लाकर उसका वध कर लिया था।पुलिस को मौके से करीब 1.5 कुन्तल भैंस का मांस,भैंस के अवशेष,एक कुल्हाड़ी, दो छुरियां, प्लास्टिक की रस्सी, लकड़ी का गुटका, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदिबरामद किया। मांस का सैंपल पशु चिकित्साधिकारी द्वारा लिया गया। सभी बरामद माल को सील कर कब्जे में ले लिया गया।तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आयी और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।





पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## 72 घंटे बीते, पालिका में आज होगा धरना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नगराध्यक्ष प्रेम राज ने कहा कि 7 मई को एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया था। जिसमें सफाई कर्मचारियों की वेतन और अन्य समस्याओं की मांग की थी। इस पर पालिका प्रशासन ने संघ से समय मांगा था। इस बात को भी 72 घंटे से अधिक का समय गुजर चुका है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है।रविवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नगराध्यक्ष के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगराध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन को लेकर 7 मई को पालिका के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया। लेकिन समयावधि गुजरने के बाद भी कोई हल नहीं किया गया है। सुबह 11 बजे पालिका के प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया है धरने को सफल बनाए जाने के लिए अधिक से अधिक पालिका पहुंचे।

**कार्यक्रम** शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बांटे प्राधिकार पत्र

## सिर्फ पढ़ाते ही नहीं, देश और प्रदेश का भविष्य गढ़ते हैं परिषदीय स्कूलों के शिक्षक: गुंजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की रामपुर इकाई का गठन हुआ। जिसमें श्वेता दोहन को जिलाध्यक्ष, तो एकता गुप्ता को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना ने कहा कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षक सिर्फ पढ़ाने तक सीमित नहीं होते, बल्कि देश और प्रदेश का भविष्य भी गढ़ते हैं।

कृष्णा विहार कालोनी स्थित रामपुर सेवक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रितु त्यागी, मुरादाबाद की जिला महामंत्री पूनम, रुपिका त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने संगठन का गठन करते हुए श्वेता दोहन को जिलाध्यक्ष, एकता गुप्ता को जिला महामंत्री राणा तलत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चन्द्रेश को जिला मीडिया प्रभारी, निधांषु को कोषाध्यक्ष, नीलम रानी, विदुषी भारद्वाज, नीरा को उपाध्यक्ष, सरिता रानी, लबीना, नीलम हल्दिया को संगठन मंत्री, अंजू त्यागी को संयुक्त मंत्री एवं अनु को संरक्षक मनोनीत किया।इस अवसर पर गुंजन सक्सेना ने कहा कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक समाज की बुनियाद मजबूत करते हैं और बच्चों को संस्कार, शिक्षा तथा बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने महिला शिक्षकों की भूमिका को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि शिक्षिकाएं विद्यालयों में शिक्षा देने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करती हैं। ऐसे में महिला शिक्षक संघ का गठन शिक्षिकाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करेगा और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, शिक्षकों के अधिकारों, विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता तथा छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य को लेकर चर्चा की गई। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष श्वेता दोहन ने कहा कि संगठन महिला शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, उनके सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए निरंतर कार्य करेगा। वहीं, जिला महामंत्री एकता गुप्ता ने सभी शिक्षिकाओं से संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की।



बैठक के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### तीन घंटे को बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** 33/11 केवी अजीतपुर द्वितीय उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग, अनुरक्षण माह के तहत पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। एग्जीयूटिव इंक्लेव, पसियापुरा खेड़ा, नबी गंज, शादी की मंडैया, दीक्षित कालेज, रायपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

### स्वार में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग की गई।अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, सीट बेल्ट व हेल्मेट का प्रयोग करने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

# भारतीय जनता पार्टी दिन दूना और रात चौगना बढ़ रही: नकवी

## मुख्तार अब्बास नकवी ने दिल्ली रवाना होने से पहले जाना कार्यकर्ताओं का हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सुबह दिल्ली रवाना होने से पूर्व शंकरपुर स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और संगठन के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

पश्चिम बंगाल को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ है। तब से वह एक ही नारा लगाती थी जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। उसके बाद धारा 370 खत्म हुई और कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया , उससे पहले भी कश्मीर भारत का हिस्सा था लेकिन आधा अधूरा था। और उसके बाद हम लोगों का संकल्प था कि जहां पश्चिम बंगाल में मुखर्जी साहब का जन्म हुआ, वहां भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराएं, सुशासन का ध्वज फहराएं। और यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और मैं यह मानता हूं कि भारतीय जनता पार्टी का जो विस्तार है, वह भारत के विकास के साथ जुड़ गया है। भारतीय जनता पार्टी की समावेशी और साथ ही साथ सकारात्मक पंथनिरपेक्षता का यह संकल्प है। समावेशी सशक्तिकरण की जो सोच है उसका नतीजा है कि भारतीय जनता पार्टी दिन दूना और रात चौगना बढ़ रही है।ईवीएम के रोने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर श्री नक़वी ने कहा कि चुनाव में "रपटने पर रोना और निबटने पर धोना" इनका जो रिवाज और मिजाज है वह इनको और धराशाही कर रहा है, उन्होंने विरोधियों को लेकर कहा कि जो जनादेश है, उसका आप सम्मान कीजिए, और जनता के बीच में जनता का आशीर्वाद लेने के लिए प्रयास करिए और परिश्रम करिए। लेकिन चुनाव में आप रण बांकुरों से ज्यादा आप रण छोड़ बहादुरी पर विश्वास करने लगे हैं। जब चुनाव आएगा, तब चुनाव के परिणाम से पहले यह लोग भूमिका बनाने लगेंगे कि वोट चोरी हो जाएगा, चुनाव में गड़बड़ झाला हो गया है, चुनाव जनता का जनादेश नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से गड़बड़ झाला है। इन सब चीजों से फायदा होने वाला नहीं है, जो लोग यह काम कर रहे हैं उनको भी इसका एहसास है कि यह जो चांडाल चौकड़ी है वह यह समझ चुकी है।



कार्यकर्ताओं से वार्तालाप करते मुख्तार अब्बास नकवी। -जागरण मोर्चा

आने वाले जितने भी इलेक्शन होंगे यह चांडाल चौकड़ी चारों खाने चित होगी।वोट की चोरी के सवाल को लेकर नकवी ने कहा कि यह जो पिटे हुए पॉलिटिकल प्राणियों की या पिटे हुए पॉलिटिकल पार्टियों के प्रोक्सी पार्टनर्स का प्रायोजित प्रोग्राम शुरू हो गया है। 2014 के बाद हर 6 महीने या 1 साल के इंटरवल पर इस तरह के जो पिटे पॉलिटिकल प्राणियों के प्रोक्सी पार्टनर्स हैं, उनका प्रायोजित प्रोग्राम शुरू हो जाता है।

कभी अवार्ड वापसी करेंगे, कभी कहेंगे देश में असहिष्णुता हो गई, कभी कहेंगे लिंचिंग हो गई, कभी कहेंगे देश खतरे में आ गया, कभी कहेंगे संविधान खतरे में आ गया, अगर उनको लगता है कि इससे वह जनतंत्र को बंधक बना पाएंगे या जनतंत्र को बदनाम कर पाएंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है।तमिलनाडु में टीवीके की सरकार बनने पर नकवी ने बधाईदेते हुए कहा कि जो लोग तमिलनाडू में सरकार बना रहे हैं, उन्हें सावधानी हटी और दुर्घटना घटी का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें बहुत सावधानी से रहना चाहिए।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, सुभाष भटनागर, टेकचंद गंगवार, खलील अहमद, पंकज लोधी, ओमप्रकाश लोधी, सोनू लोधी, मुन्नी देवी गंगवार, ओम प्रकाश सैनी, मनोज मौर्य, धर्मपाल गंगवार आदि उपस्थित रहे।

क्योंकि जिस कांग्रेस पार्टी के कंधे पर बैठकर वह सत्ता के सिंहासन पर बैठने जा रहे हैं। उस कांग्रेस का इतिहास इस मामले में बहुत दागदार है।कुछ लोगों के द्वारा वंदे मातरम के विरोध को लेकर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए नकवी ने कहा कि वंदे मातरम के प्रति जिन लोगों की सांप्रदायिक असहिष्णुता है, या सांप्रदायिक अस्पृश्यता है, जो कम्युनल अनटचेबिलिटी है या वह कम्युनल इनटोलरेंस है। वह लोग संविधान के प्रति वह छल कर रहे हैं।

# पराली जलाने वाले किसानों की जांच में जुटा विभाग

- जांच पूरी होने पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कृषि विभाग जनपद के हजारों किसानों को गोष्ठियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पराली न जलाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है। किसानों को बताया गया है कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि खेत की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। लेकिन इसके बाद भी खेतों में पराली जलना का सिलसिला नहीं थम रहा हैं। इसी को लेकर पराली जलाने वाले किसानों की जांच में विभाग जुट गया है।

पिछले दिनों दिल्ली-नैनीताल हाईवे किनारे एक खेत में गेहूं की पराली जलाने का वीडियो वायरल हो चुका है। इसके बाद कृषि विभाग सक्रिय हो गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पराली जलाने से खेत की मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले सूक्ष्म जीव और लाभकारी कीट नष्ट हो जाते हैं। इससे भूमि की उत्पादक क्षमता कम होती है और भविष्य की फसल पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। कई बार पराली जलाने के दौरान आग दूसरे खेतों तक फैल जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

> किसानों से अपील की है कि वे खेतों में पराली न जलाएं। कृषि विभाग द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं। पराली जलाने से बचकर किसान न केवल कानूनी कार्रवाई से बच सकते हैं, बल्कि अपनी जमीन की उर्वरा शक्ति को भी सुरक्षित रख सकते हैं। -**कुलदीप सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी।**

# ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया तोड़- फोड़ का आरोप

- एसपी को पत्र देकर की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार/रामपुर** । हत्या के मामले में फरार आरोपियों की तलाश में दबिश देने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने घर में तोड़फोड़ और महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बता दे कि कुछ दिन पूर्व पीपली वन क्षेत्र में खैर की लकड़ी के पैसों के बंटवारे को लेकर एक तस्कर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। शुक्रवार रात मिलकखानम पुलिस गांव पदमपुर कुंवरपुर निवासी गुरमीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के घर पहुंची और वहां जमकर तोड़फोड़ की। गुरमीत सिंह का कहना है कि उनके परिवार के किसी सदस्य पर आज तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है, इसके बावजूद पुलिस ने बिना वजह घर का सामान तोड़ दिया।पीड़ित के अनुसार पुलिस कार्रवाई में घर के तीन पंखे, एक फ्रिज, एक चारपाई, दो कुर्सियां, ढोल बजाने वाला उपकरण तथा रसोई के बर्तन क्षतिग्रस्त कर दिए गए, जिससे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया।पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि गांव की ही जीतो कौर पत्नी महेंद्र सिंह के घर में भी पुलिस ने तोड़फोड़ की। दोनों परिवारों का कहना है कि उनका हत्या के मामले से कोई संबंध नहीं है और न ही उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज है। गुरमीत सिंह के मुताबिक जब उन्होंने पुलिसकर्मियों से कार्रवाई का कारण पूछा तो उन्हें धमकाते हुए कहा गया कि मुकदमा लिखने में दो मिनट लगते हैं, तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज देंगे।



घर में हुई तोड़ फोड़ को दिखाती महिला। -जागरण मोर्चा

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई तथा नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि फरार तस्करों के लिए दबिशें दी जा रही हैं। तोड़फोड़ का आरोप निराधार है। फरार आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### बहसबाजी बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने शुरू कराया रास्ते पर कार्य

**सैफनी।** नगर पंचायत सैफनी के वार्ड संख्या तीन में लंबे समय से जर्जर पड़ी रास्ता को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू हो गया। सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। वार्ड तीन की काफी समय से जर्जर हालत में थी, जिससे मोहल्ले वासियों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ भरी हुई थी। बारिश के दिनों में रास्ते पर और अधिक जलभराव की स्थिति बन जाती जिससे लोगों का निकलना तक मुश्किल हो जाता था। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही थी। तीन दिन पूर्व नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान वार्ड के कई लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, अपनी समस्या लेकर कार्यालय पहुंचे थे। लोगों ने जर्जर सड़क को जल्द से जल्द सही कराने की मांग उठाई थी। उस दौरान संबंधित वार्ड के सभासद और मोहल्लावासियों के बीच तीखी बहसबाजी भी हो गई थी। लोगों का आरोप था कि लंबे समय से शिकायत करने के बावजूद रास्ता ठीक नहीं हुआ। मामले को बढ़ता देख नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने लोगों को शांत कराया और सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया था। अध्यक्ष ने कहा था कि नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। नगर जनता की समस्याओं पर समाधान कराया जाएगा। रविवार को संबंधित मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होते ही मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली।

# हत्यारों को फांसी और परिवार को सुरक्षा देने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के मोहल्ला अस्दुल्लापुर स्थित जितेन्द्र कुमार शर्मा के निवास स्थान पर विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों की एक बैठक हुई।बैठक गाजीपुर जिले के थाना करण्डा अंतर्गत ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की पुत्री निशा विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के प्रकरण को लेकर बुलाई गई थी।

बैठक में समाज के लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड पर गहरा शोक और भारी आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री हरिपाल शर्मा ने निशा विश्वकर्मा को न्याय दिलाने का मुद्दा अत्यंत पुरजोर तरीके से उठाया और सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की। विश्वकर्मा समाज की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित 5 सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी गई हैं,जिसमें मृतक निशा विश्वकर्मा के शोक संतप्त परिवार को सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए,पीड़ित परिवार के भरण-पोषण हेतु सरकार की ओर से उचित आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए,इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा (फांसी) दिलाई जाए तथा मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद बैठक में प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा निशा विश्वकर्मा हत्या प्रकरण को प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का रूप देने वाले असंवेदनशील बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। समाज के लोगों ने इसे मामले को भटकाने का प्रयास बताया है बैठक की इस महत्वपूर्ण चर्चा में मुख्य रूप से सोमपाल शर्मा मैथिल एडवोकेट, जितेन्द्र कुमार, नीरज कुमार मैथिल, हरिशंकर मैथिल, जगदीश सरन, आदित्य शर्मा, दयाशंकर शर्मा, विजेन्द्र कुमार, प्रताप, धनपाल शर्मा, आनन्द शर्मा, जयप्रकाश शर्मा और गोपाल सहित विश्वकर्मा समाज के कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि जब तक निशा को न्याय नहीं मिल जाता, समाज शांत नहीं बैठेगा।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

# मां गंगे की सेवा ही सच्चा मातृ सम्मान

- स्वच्छता अभियान, 70 किलो कचरा हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश
- गंगा तट पर स्वच्छता का महाअभियान, युवाओं ने दिखाई सामाजिक जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला गंगा समिति द्वारा हर रविवार एक घंटा श्रमदान अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति लव कुमार ने किया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों, क्लीनअप रामपुर, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर नदी तट एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 60 से 70 किलोग्राम प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरा एकत्र कर उसका सुरक्षित निस्तारण कराया गया।स्वच्छता अभियान के दौरान पुल के ऊपर से नदी में प्लास्टिक एवं अन्य सामग्री फेंक रहे लोगों को रोककर जागरूक किया गया। लोगों को समझाया गया कि जिस प्रकार हम अपनी माँ का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार "माँ गंगे" को स्वच्छ एवं निर्मल रखना भी हमारा कर्तव्य है।



स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते पदाधिकारी।

जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने कहा कि मां गंगे की सेवा एवं स्वच्छता का यह अभियान समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण संभव है।उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं तथा स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें। अभियान के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मां गंगे को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शुभम मिश्रा, आकाश, योगेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सामूहिक अंताक्षरी प्रतियोगिता में मनीषा, शालिनी, शुभी की टीम अव्वल

- मातृ दिवस पर छात्र-छात्राओं ने किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस समारोह बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सीमावर्ती गांव दिबदिबा स्थित विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रशासक निधि राय, प्रधानाचार्या ममता बिष्ट, संचालिका मेघना गुप्ते एवं सलाहकार रेखा कर्नाटक दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती,लक्ष्मी एवं दुर्गा स्वरूप माताओं को समर्पित सुंदर प्रस्तुति दी गई। इसके बाद बच्चों द्वारा मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए।दूसरी ओर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं में मास्टर शेफ प्रतियोगिता में रुचि प्रथम, प्रिया द्वितीय, अमनदीप तृतीय स्थान पर रहीं। प्रभजोत को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में किरन जोशी प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा भूमिका तृतीय स्थान पाया। फैशन शो में लक्ष्मी पहला,अविनाश कौर दूसरा, सोनल ने तीसरा स्थान हासिल किया। सामूहिक अंताक्षरी प्रतियोगिता में मनीषा, शालिनी, शुभी की टीम प्रथम, शिल्पी, अलका, शैली की टीम द्वितीय तथा अमृता, अनुपमा, रजनीशप्रीत की टीम तृतीय रही।नृत्य प्रतियोगिता में सपना रावतप्रथम, ज्योति द्वितीय, गगनदीप, बीनू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में सिमरजीत कौर प्रथम, अमनदीप कौर द्वितीय, सविता ने तृतीय स्थान पाया।बाद में प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया। अंत में शिक्षिका वर्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### गेहूं खरीद कम होने पर दो एजेंसी प्रभारियों को नोटिस



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गेहूं खरीद कम होने पर दो एजेंसी प्रभारियों को खाद्य एवं रसद विभाग को नोटिस जारी किए हैं। खरीद में एफसीआई, मंडी समिति के एजेंसी की स्थिति काफी दयनीय हैं नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि लक्ष्य के हिसाब से खरीद में तेजी लाई जाए।

जनपद में 30 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हुई है। खरीद के लिए 129 क्रय केंद्र बनाए है। इस बार विभाग को 4 लाख 35 हजार एमटी का लक्ष्य मिला है। खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनपद में अब तक 1644 किसानों से 1 लाख 29 हजार 410 क्विंटल खरीद हो चुकी है। लेकिन खरीद कम होने पर डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने दो एजेंसी प्रभारियों को नोटिस जारी किया है जिसमें खरीद की संख्या बढ़ाए जाने को कहा गया है। नोटिस जारी होने पर अन्य प्रभारियों में खलबली मची हुई हैं। आरएमओ ने बताया कि 1644 किसानों का 33 करोड़ 70 लाख 42 हजार 398 रुपये का भुगतान हो चुका है।

इन एजेंसियों के बनाए गए है केंद्र

| एजेंसी | संख्या |
|---|---|
| एफसीएस | 15 |
| एफसीआई | 3 |
| पीसीएफ | 39 |
| नेफैड | 20 |
| यूपीसीयू | 31 |
| यूपीएसएस | 16 |
| मंडी | 4 |

**आयोजन** गुरु नानक एकेडमी में मातृ दिवस पर भावुक कार्यक्रम हुआ

# मेरी मां गीत पर जमकर थिरके नन्हे-मुन्ने

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**मिलक।** गुरु नानक एकेडमी मिलक में शनिवार को मातृ दिवस के अवसर पर भावुक और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मां के सम्मान में गीत, कविता, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'मेरी मां' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद यूकेजी और कक्षा 4 व 5 के छात्रों ने भी अपनी मांओं के लिए समर्पित गीत गाकर और कविता सुनाकर माहौल को भावुक बना दिया। विद्यालय परिसर माताओं और बच्चों की खुशियों और तालियों से गूंज उठा।कार्यक्रम में माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। फ्लोर डेकोरेशन, पेपर डांस जैसी प्रतियोगिताओं में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुपर मॉम का खिताब ज्योति को मिला। निकिता को द्वितीय और नेहा गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और मातृ दिवस हमें उनके त्याग और समर्पण को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा अपने माता-पिता का आदर करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 की छात्रा आशा व कीरत ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर विद्यालय की संस्थापिका सावित्री शर्मा, चेयरमैन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, कोषाध्यक्ष शीतल शर्मा, समन्वयक मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना सहित समस्त स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।



दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज करती मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रविवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारें में बताया।

# स्टेरॉयड-प्रेरित मधुमेह की राजधानी बना भारत, ग्रामीण क्षेत्रों में गहराता संकट

- **विशेषकर ग्रामीणों को तेजी से मधुमेह का रोगी बना रहा है**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** भारत, जिसे पहले से ही दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में जाना जाता है। अब एक और भी खतरनाक स्वास्थ्य संकट की गिरफ्त में है। वह है स्टेरॉयड-प्रेरित मधुमेह रामपुर स्वास्थ्य मिशन के डीसीपीएम प्रभात कुमार के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित आयुष्यमान आरोग्य मंदिर में प्रति माह जीवनशैली आधारित रोगों में सबसे अधिक मामले मुधमेह के आ रहे है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, दर्द निवारण के लिए स्टेरॉयड का अनियंत्रित और भारी इस्तेमाल भारतीयों, विशेषकर ग्रामीणों को तेजी से मधुमेह का रोगी बना रहा है।ग्रामीण भारत में जोड़ों के दर्द, दमा और त्वचा रोगों से तुरंत राहत पाने के लिए लोग अक्सर स्थानीय नीम-हकीमों या बिना डॉक्टरी पर्चे के स्टेरॉयड (जैसे प्रेडनिसोन या डेक्सामेथासोन) लेते हैं। डा० कुलदीप सिंह चौहान का कहना है कि ये दवाएं शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध पैदा करती हैं, जिससे रक्त शर्करा का स्तर अचानक और खतरनाक रूप से बढ़ जाता है।

**ग्रामीण भारत में क्यों फैला है यह जाल?**

रिपोर्टों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित चिकित्सकों का फैला जाल, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और दवाओं की ओवर-द-काउंटर आसान उपलब्धता इस संकट की जड़ है। कम पढ़े-लिखे मरीजों को लगता है कि दवा 'जादुई' है क्योंकि दर्द तुरंत कम हो जाता है, लेकिन दवा बंद करते ही शरीर पर इसके घातक दुष्प्रभाव (जैसे एड्रेनल क्राइसिस) सामने आने लगते हैं।इस बढ़ते संकट को रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं।चिकित्सीय परामर्श का महत्वः किसी भी प्रकार की दवा, विशेष रूप से स्टेरॉयड, केवल प्रमाणित डॉक्टर की देखरेख में ही लेनी चाहिए। स्व-चिकित्सा जोखिम भरा हो सकता है।नियमित निगरानीः जो व्यक्ति किसी बीमारी के उपचार के लिए स्टेरॉयड ले रहे हैं, उन्हें अपने रक्त शर्करा के स्तर की नियमित जांच करानी चाहिए ताकि समय रहते किसी भी बदलाव को पहचाना जा सके।जागरूकता अभियानः ग्रामीण क्षेत्रों में इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है ताकि लोग बिना डॉक्टरी सलाह के मिलने वाली 'दर्द निवारक' दवाओं के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को समझ सकें।

> स्टेरॉयड एक ऐसी उधार की शक्ति है। जिसकी कीमत शरीर को अपना स्वास्थ्य खोकर चुकानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में दर्द निवारण के नाम पर स्टेरॉयड का अंधाधुंध प्रयोग शरीर के इंसुलिन तंत्र को ध्वस्त कर रहा है, जिससे व्यक्ति 'स्टेरॉयड-प्रेरित मधुमेह' की ऐसी सुरंग में फंस जाता है जहाँ से वापसी का रास्ता केवल आयुर्वेद, मर्म और सही जीवनशैली ही दिखा सकते हैं। **-डॉ. कुलदीप सिंह चौहान (आयुर्वेदिक पंचकर्म-मर्म एवं मनोचिकित्सक)**

### आंकड़े और तथ्य

**अघोषित महामारी :** भारत में पहले से ही लगभग 8 से 9 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और यह संख्या 2045 तक 13 .5 करोड़ पहुँचने का अनुमान है।

अनदेखा जोखिम : चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, स्टेरॉयड लेने वाले मरीजों में से कई को पता ही नहीं होता कि यह उनके ग्लूकोज स्तर को अनियंत्रित कर रहा है।

**दोहरी मार :** लंबे समय तक स्टेरॉयड के प्रयोग से न केवल शुगर बढ़ रही है, बल्कि यह हड्डियों के खोखलेपन (ऑस्टियोपोरोसिस) और मोतियाबिंद का भी कारण बन रहा है।

> ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मधुमेह के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य प्रणालियों को और अधिक मजबूत बनाने और दवाओं के विनियमन पर जोर देने की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसी ही महत्वपूर्ण जानकारियों के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। **– प्रभात कुमार, डीसीपीएम, एनएचएम, रामपुर**

# मछलियों को स्लॉटर कचरा, मृत पशु खिलाने पर प्रतिबंध, शासनादेश जारी

## जनस्वास्थ्य को ई-कोलाई व साल्मोनेला के खतरे से बचाने के लिए डीएम का सख्त आदेश



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिले में जलीय कृषि मत्स्य पालन में मछलियों को चारे के रूप में वधशालाओं का कचरा, पोल्ट्री कचरा और पशुओं के शवों व उनके अंगों को खिलाने पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल की गुणवत्ता को गंभीर खतरे से बचाने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 8 मई को यह सख्त आदेश जारी किया है। वैज्ञानिक साक्ष्यों में स्पष्ट रूप से पाया गया है कि मछलियों को खिलाए जा रहे इस प्रकार के कचरे के उपयोग से उनमें साल्मोनेला और ई कोली जैसे हानिकारक बैक्टीरिया पनपते हैं, जो सीधा मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा हैं।

**केंद्र के शासनादेश पर लिया गया कड़ा संज्ञान**

भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय मत्स्य पालन विभाग द्वारा बीते 23 अप्रैल को अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर शासनादेश जारी किया गया था। इसके अनुपालन में उप निदेशक मत्स्य, मुरादाबाद मण्डल ने भी 29 अप्रैल को आदेश जारी किए। इसी क्रम में रामपुर जिलाधिकारी ने जिले के समस्त मत्स्य पालकों और हैचरी संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए प्रतिबंधित कचरे के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

### किसानों को किया जाएगा जागरूक, फॉर्म्युलेटेड एक्वा फीड पर जोर

प्रतिबंध लागू करने के साथ ही मत्स्य विभाग रामपुर के क्षेत्रीय अधिकारी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों को पशु-आधारित कचरे से होने वाले जोखिमों के बारे में शिक्षित करना और सुरक्षित चारे के महत्व को समझाना है। विभाग द्वारा मत्स्य पालकों और हैचरी संचालकों को केवल गुणवत्ता आश्वासित और पोषण की दृष्टि से संतुलित फॉर्म्युलेटेड एक्वा फीड का ही उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही, उन्हें सुरक्षित मत्स्य पालन प्रथाओं को अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

### तालाबों की होगी नियमित चेकिंग, दोषियों पर होगा एक्शन

इस महत्वपूर्ण आदेश को धरातल पर कड़ाई से लागू कराने के लिए संबंधित क्षेत्र के मत्स्य निरीक्षक और क्षेत्रीय अधिकारियों को नियमित रूप से तालाबों और मत्स्य पालन केन्द्रों का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चेकिंग के दौरान यदि किसी भी फार्म पर मछलियों के चारे के रूप में प्रतिबंधित कचरे का उपयोग होता पाया गया, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, रामपुर मत्स्य विभाग को क्षेत्र स्तर की प्रथाओं का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण करते हुए इस आदेश के अनुपालन की एक कार्यवाही रिपोर्ट भी तैयार करने को कहा गया है, जिसे निर्धारित समय सीमा के भीतर शासन को भेजा जाएगा।

### खाता नगरिया में जर्जर मकान का लिंटर गिरा, बड़ा हादसा टला

**मिलक।** नगर के खाता नगरिया गांव में शुक्रवार को एक जर्जर मकान का लेटर अचानक गिरने से बड़ा हादसा होने से टल गया। गनीमत रही कि हादसे के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, वरना जनहानि हो सकती थी। नगर पालिका परिषद के खाता नगरिया निवासी साबिर पुत्र बाबू का मकान काफी समय से जर्जर हालत में है। शुक्रवार को अचानक मकान का लेटर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान की हालत पहले से ही खराब थी और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। साबिर ने बताया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सूची में पिछले 1 साल से है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मकान गिरने के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो गया है। साबिर का कहना है कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द साबिर के आवास की जांच कराकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए।

# बैठक में संगठन की गतिविधियों की हुई समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वसीम खान द्वारा की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। । इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय सह मीडिया फैसल मुमताज़, जिला अध्यक्ष वसीम खान , ज़िला महा मंत्री यामीन पाशा, इमरान पाशा, ज़िला उपाध्यक्ष राजू खान डॉ नूर आलम , शुऐब ईनामदार, मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद घोसी, रिज़वान मलिक, अबरार, सेदनगर. रिज़वान अली, इकबाल नवाब गुड्डू इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

# स्कूल एवं पंचायत घर में हुई चोरी के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी कल्याणपुर और उससे सटे पंचायत भवन में चोर हजारों का माल समेट कर ले गए थे।इस मामले में तहरीर के आधार पर शहजादनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहजादनगर थाना क्षेत्रमें चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। दो दिन पहले चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बना लिया था। चोर वहां से एलईडी, गैस सिलेंडर एवं विद्यालय में उपयोग होने वाले बर्तन चोरी कर ले गए थे। जबकि पंचायत भवन से इन्वर्टर, 2 बैटरियाँ एवं डीवीआर रिकॉर्डर चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए चोरों ने विद्यालय में नुकसान भी किया ।

घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रशासन द्वारा तत्काल थाना शहजादनगर थाना को सूचना देकर तहरीर दी गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ अन्य आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए गए ।प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने आश्वासन दिया है कि घटना के खुलासे एवं चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए तेजी से कार्रवाई की जा रही है।इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




स्कूल और पंचायत घर में हुई चोरी की घटना पर दर्ज एफ आई आर दिखाते शिक्षक।

# आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर पोल होंगे सही

- **गली-मोहल्लों में लगे हुए हैं अधिकांश जर्जर पोल**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद के चारों डिवीजन क्षेत्र में जर्जर पोल लगे हुए है उन्हें जल्द ही आरडीएसएस योजना के तहत सही कराया जाएगा। जिससे कि कोई हादसा न हो। इसको लेकर बिजली निगम के उच्च अधिकारियों ने सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

शहरी क्षेत्र के गली-मोहल्लों में अधिकांश जर्जर बिजली के पोल लगे हुए है। जोकि तेज आंधी में गिर रहे हैं। इससे कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। चार दिन पहले ही शहर के मोहल्ला घेर आजम खां, पुराना गंज में जर्जर बिजली के पोल आड़े हो गए थे। जब पोलों की फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। तो विभागीय अधिकारी सक्रिय हो गए।

उन्होंने आनन फानन में कर्मचारियों को भेजा। उसके बाद जर्जर पोल को सही कराया गया।

इसको लेकर अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने बताया कि जनपद के सभी जर्जर पोल को आरडीएसएस योजना के तहत सही कराया जाएगा। इसके लिए समस्त अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि इस कार्य को कराए जाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी।

### इन स्थानों पर लगे है जर्जर

शहर के मोहल्ला हाथीखाना चौराहा, पनवड़िया हड्डी मिल, टंकी नंबर पांच, नई मस्जिद जेल रोड समेत अन्य स्थानों पर जर्जर पोल लगे हुए हैं। शेष संबंधित लाइनमैन को मालूम होता है कि कौन से क्षेत्र में जर्जर पोल लगे हुए हैं।

# शाहबाद में कोतवाल के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान



शाहबाद में बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले के चालान काटती पुलिस। -जागरण मोर्चा

- **पुलिस ने 20 दोपहिया वाहनों को काटे चालान**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रविवार को शाहबाद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।कोतवाल प्रदीप कुमार के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान के दौरान 20 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए। चेकिंग अभियान शहर के रामपुर चौराहे पर चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग करने वालों के चालान किए गए। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से वाहन चालकों खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बिना हेलमेट वाले बाइक सवार पुलिस की नजरों से बचने की जुगत में लगे रहे, वहीं पुलिस सभी वाहन चालकों को रोककर यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाती रही।

चेकिंग अभियान के दौरान अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र, उपनिरीक्षक अरविंद दीक्षित आदि रहे।

# एएसपी ने किया स्वार थाने का निरीक्षण



स्वार थाने का निरीक्षण करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुरागसिंह द्वारा थाना स्वार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों, मिशन शक्ति केन्द्र, एवं परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के समुचित संधारण, अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### नाबालिग के अपहरण के मामले में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** एक नाबालिग किशोरी को पड़ोस के गांव का युवक अगवा कर ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।कोतवाली क्षेत्र के गांव खैमरी निवासी विनोद पुत्र इन्दल ने पुलिस को तहरीर सौंपी।इसमें बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री लक्ष्मी शनिवार की तड़के घर से लापता हो गई। आरोप है कि हामिदाबाद निवासी सागर उसे अगवा कर अपने साथ ले गया है। इस कार्य में सागर के पड़ोसी जौन पुत्र राजकुमार ने भी मदद की है। पीड़ित पिता के अनुसार घर में खोजबीन करने पर पता चला कि आरोपित अपने साथ मां के करीब 2 लाख रुपये के जेवर और कीमती कपड़े भी ले गई है। बताया कि आरोपी सागर पहले से ही विवाहित है और दो बच्चों का पिता है।आरोपी झगड़ालू और दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिससे उनको जान को खतरा बना हुआ है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपी युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**बैठक** | हर बच्चे को विशेष शिक्षा दिलाई जाए तभी समाज आगे बढ़ सकेगा

# कोई भी बिखरा हुआ समाज तरक्की नहीं कर सकता: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शाहबाद में तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहाहै। पदाधिकारी यो को गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने समाज के बांधों से होने रही जातीय जनगणना में समा के कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।

अपनी जाति जनगणना कर्मियों को जाति का उल्लेख करें। कहां की पंचायत चुनाव की तैयारी भी जोर-जोर से शुरू करें।तहसील शाहबाद के बालकिशन तुरैहा को अध्यक्ष मनोनित किया। हिम्मतपुर में मुरारी लाल के आवास पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1990 से आर्थिक सुधार के लिए निजीकरण हुआ था ।शिक्षा संस्थान से लेकर विश्वविद्यालय तक प्राइवेट खुले हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियां मात्र रह गई है। उद्योग फैक्ट्री या प्राइवेट स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में एससी एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए था, लेकिन नहीं मिल रहा है। बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया का जाना है।हम इसको 50 प्रतिशत पुरा कर चुके हैं।समाज के पिछड़ेपन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। कोई भी बिखरा हुआ समाज तरक्की नहीं कर सकता। पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का एकजुट होना व शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जब तक समाज का प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा। तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। अब समय की पुकार है कि हर बच्चे को विशेष शिक्षा दिलाई जाए तभी समाज आगे बढ़ सकेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के साथ समाज का संगठन मजबूती के साथ खड़ा है। इसलिए सरकार को समाज के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व देना भी चाहिए। बैठक में राम बहादुर, टीकाराम, मुरारी लाल, धर्मेंद्र कुमार, रामकिशोर, राधेश्याम, महेश चंद, दिलीप चंद, कन्हैयालाल, कमल कुमार, भीमसेन, दौलत कुमार, शिवा, गिरधरलाल, अच्छा अनिल कुमार, बनवारी लाल , रमेश चंद प्रदीप कुमार, पुनीत कुमार, आदि ने संबोधित किया, संचालन जिला महामंत्री राम सिंह एडवोकेट ने किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# माताओं को सम्मानित कर धूमधाम से मनाया मातृ दिवस


महामृत्युंजय मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

## राम-नाम के हीरे-मोती मैं बिखराऊं गली गली सुन झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्यंजय मंदिर परिसर में 1251 वां संगीतमय श्री सुंदरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डा. योगेन्द्र प्रसाद जोशी ने विधिविधान पूर्वक सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। तत्पश्चात केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग वाण कर मनोहारी वाचन किया। इसके उपरांत अजय सक्सैना व महंत अनिल शर्मा द्धारा सुंदरकांड की चौपाईयों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इसके बाद मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बनाया और श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। जिसमें केजी शर्मा ने - राम-नाम के हीरे-मोती मैं बिखराऊ गली गली--- अनिल शर्मा ने - मैने मोहन को बुलाया, वो आता होगा। अजय सक्सेना ने -राम-जानकी बैठ हैं, मेरे सीने में सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजू शर्मा ने ढोलक पर संगत दी। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान जैन मिश्रा, वाईके शर्मा, आलोक दुवे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा, लवकुश अग्रवाल, राकेश चौबे, विजेंद्र शर्मा, टीसी शर्मा, अनिल शर्मा, श्याम यादव, अवनेश शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, सुमित कुमार, मुकुल शर्मा, जयप्रकाश, राजकमार सक्सेना, बिज्रेश वार्ष्णेय आदि शामिल रहे।


साक्षी सेवा समिति द्वारा आयोजित मातृ दिवस कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के गौशाला रोड पर मातृ दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन एवं कल्याण मंत्र करके किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि वैसे तो साल का हर दिवस मां का ही है, लेकिन मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस को मनाया जाता हैं। समिति भी प्रत्येक वर्ष समस्त मात्र शक्ति को नमन करती है और कोशिश करती है कि मात्र शक्ति का पूजन करके उनका सम्मान किया जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष 2026 को नीलम राय बाल कल्याण समिति की सदस्य ने डिजिटल लिटरेसी एवं बेसिक कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण निर्धन छात्र छात्राओं को निश्शुल्क प्रशिक्षण कोर्स करवाने में सहयोग किया। नीलम राय को बबिता बिंदल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ सम्मानित माताओं विरमा देवी, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, चंद्रकला सैनी, मनी पोरवाल, जयश्री, सुधा शर्मा, दमयंती सिंह, सुमन मिश्रा का वंदन अभिनंदन कर उनको उपहार देकर सम्मानित किया गया।


मातृ दिवस समारोह के कार्यक्रम में शामिल जायंट्स ग्रुप वूमेन के पदाधिकारी।

## प्रेम , त्याग और समर्पण यही एक मां की पहचान

**चन्दौसी।** मातृ दिवस समारोह जायंट्स वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा ने मिलकर बड़ी उत्सुकता से अपनी माताओं के साथ नगर के कृष्ण कुंज धर्मशाला में मनाया। सर्वप्रथम सभी माताओं का स्वागत पटका और माला से किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन व जायंट्स प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति को समर्पित करने के लिए मानसी, प्रियांशी, काव्या ,हिना, शिवानी,शिप्रा आदि विभिन्न प्रदेशों के परिधान धारण करके आई। जिससे समारोह में चार चांद लग गए। गीताली ,सारिका, श्रुति व शिप्रा ने कविता और गीत प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कई सदस्यों ने माताओं को समर्पित करने के लिए नृत्य व लघु प्रस्तुति भी प्रस्तुत की। जिसे देखकर सभी माताएं भाव विभोर हो गई। ग्रुप अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने भी अपनी बेटी के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रुप सदस्य निमिषा अग्रवाल ने बच्चों के साथ मां को सम्मान देने के लिए बहुत सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। उसके पश्चात सभी ने मनमोहक तंबोला का आनंद लिया। सभी माताओं को सम्मान देने के लिए उपहार स्वरूप सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट की गई। जिसका उद्देश्य मां के प्रति सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करना था।इस दौरान डा. सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल नीतू, सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, अलका मंगलम, वंदना गुप्ता, प्राची, रिशु, सुरभि, सुनीता ,गीताली ,प्रियांशी, काव्या,पल्लवी, शुभ्रा, राधिका, निमिषा, शिवानी, दीपिका आदि मौजूद रही।


संघ को जानो प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

## संघ को जानो प्रतियोगिता में 197 बच्चों ने दी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैभवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में विद्यार्थी विभाग द्वारा नगर के अधिकांश विद्यालयों की कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए प्रथम द्वितीय वर्गों में संघ को जानो प्रतियोगिता रविवार को नगर के दो केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसमें पंजीकृत 321 प्रतिभागियों में से 197 उपस्थित तथा 124 अनुपस्थित रहे । दोनों केंद्र जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी तथा चंदौसी पब्लिक स्कूल, चंदौसी के अतिरिक्त राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, डा. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर, महाजन मोहल्ला; आर.आर.के. स्कूल, लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर तथा ए. एम. वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता वैकल्पिक उत्तर प्रणाली पर आधारित थी तथा विद्यार्थियों की तार्किक शक्ति तथा प्रत्युत्पन्नमति के विकास को वृद्धि प्रदान करेगी। प्रतियोगिता द्वारा समाज में राष्ट्र भावना की विचारधारा को जागृत करके ज्ञान प्रतिभाओं में राष्ट्र सेवा के कार्य को गति देना है। इस दौरान अभिनव, डा. आशीष यादव, श्याम ठाकुर, डा. डी.के.अग्निहोत्री, वीरूकमल, अजय कुमार, अंश, उदयवीर, ओम पाठक, कुशल अग्रवाल, रौनक एवं हरीश कठेरिया, डा.जयशंकर दुबे, आशा गोस्वामी, आरती सिंह, मुदित गर्ग, मिरांश राघव, नंदकिशोर राणा, प्रेम नारायण शर्मा, रणजीत कौर, अनामिका यादव, काजल, वंशिका, सुधांशु व पिंटू यादव का विशेष सहयोग किया।

## प्रदेश में पार्टी का जन आधार बढ़ रहा 200 विधायक पहुंचेंगे विधानसभा

जागरण मोर्चा कार्यालय



एआइएमआइएम की बैठक में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के गोला गंज में एआइएमआइएम की नगर कमेटी की एक बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने मिशन 2027 में पार्टी को मजबूत बनने पर जोर दिया। इसके अलावा सदस्यता अभियान शुरू करने का आगाज किया।

बैठक में नगर अध्यक्ष व सभासद रियाज अहमद ने कहा की पूरे प्रदेश में आज हर नागरिक एआइएमआइएम की तरफ देख रहा है और जिस तरीके से पूरे प्रदेश में पार्टी का जन आधार बढ़ रहा है, उससे 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी के 150 से 200 विधायक विधानसभा पहुंचेंगे। इसके अलावा लोग पार्टी से तेजी से जुड़ रहे हैं। इसके लिए सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। बैठक के दौरान काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेता टीआर सिंह ने कहा की एआइएमआइएम बाबा साहब के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है और दलित मुस्लिम गठजोड़ से पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ा जाएगा। इंतजार हुसैन ने कहा कि जिसका कोई दल नहीं उसका कोई बल नहीं, आज मुसलमान को हर पार्टी ने ठगा है और मुसलमान का इस्तेमाल किया हैद्ध अब दलित और मुस्लिम मिलकर एक नया इतिहास रचेंगे।

बैठक का संचालन शहजाद हुसैन अंसारी ने किया। इस दौरान हाजी डाक्टर युसूफ, इमरान, आसिफ मलिक, नासिर सलमानी, अकबर अली ठेकेदार, मोहम्मद फरमान, इकबाल हुसैन, हाजी जफरुद्दीन, इसरार, इदरीसी, कमर अब्बासी, मुजीब कुरैशी, हाजी सद्दीक सैफी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मंडी रेलवे फाटक के पास आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां से डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

नगर के वैष्णो विहार फेज-4 निवासी अंजना शर्मा पत्नी स्व. आदर्श शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 21 वर्षीय पुत्र सत्यम शर्मा शाम करीब 6:30 बजे अपने दोस्त लोकेश यादव से मिलने प्रेमनगर कालोनी गया था। आरोप है कि



जब सत्यम मंडी रेलवे फाटक के पास पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद एक युवक ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सत्यम ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो युवक ने मारपीट शुरू कर दी और सत्यम के पेट पर चाकू से वार कर दिया। चाकू लगने से सत्यम लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। शोर सुनकर जब लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी लवकुश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## 1 जून से नए सदस्य बनाने की होगी प्रक्रिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट की एक सभा नगर के रामबाग धाम स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में संपन्न हुई। जिसमें पूर्व में हुए चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसके साथ प्रधान मौसम गुप्ता के नेतृत्व में ट्रस्ट के बुजुर्ग ट्रस्टियों का सम्मान स्मृति चिन्ह और रामचरित मानस देकर किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जून से सामान्य प्रक्रिया द्वारा नए सदस्य बनाए जाने एवं रामबाग बाल विद्यालय के इंटर कक्षाओं तक उच्चीकरण कराने के लिए शीघ्रता से योजना बनाकर कार्य किए जाने का भी निर्णय लिया गया। सभा का संचालन मंत्री अमित केएस ने किया। इस दौरान


श्री बारहसैनी रामलीला व रामबाग ट्रस्ट द्वारा बुजुर्ग ट्रस्टियों को सम्मानित करते प्रधान मौसम गुप्ता। -जागरण मोर्चा

दीपक गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, राकेश चन्द्र आर्य, गौरव वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय किट्टू, गणेश चौधरी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, मनोज कुमार श्याम, मनोज कुमार शोभाराम, कौशल किशोर, रितिक वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार गांधी, मोहित वार्ष्णेय शक्ति भोग, किंग वार्ष्णेय, रजनीश कुमार वार्ष्णेय, दीपांशु वार्ष्णेय, यश गुप्ता किराना, हिमांशुल वार्ष्णेय हिम्मी, अजय वार्ष्णेय, स्पर्श वार्ष्णेय काका, अभय कुमार वार्ष्णेय, करन वार्ष्णेय डेक्रो, प्रदीप वार्ष्णेय ठेकेदार, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, हरिगोपाल वार्ष्णेय, दिनेश चंद्र भगत, मधुर कुमार वार्ष्णेय, कमल किशोर गुप्ता, देवेश नाथ वार्ष्णेय, नरेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मां बच्चे की पहली गुरु, अच्छी मित्र और होती जीवन की सबसे बड़ी शक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



एएम वर्ल्ड किड्स स्कूल मे मदर्स डे पर शामिल माताएं। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एएम वल्ड किड्ज स्कूल में मदर्स डे बड़े ही हर्षोल्लास, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा विद्यालय की निर्देशिका अलका मंगलम ने किया। कार्यक्रम में अलका मंगलम ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु, सबसे अच्छी मित्र और जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उनके विचारों ने सभी को भावुक एवं प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी माताओं का स्वागत किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया और सभी का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर हस्तनिर्मित कार्ड भी सभी को बहुत पसंद आए। समारोह में माताओं के लिए मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों के विजेताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिराज गुप्ता एवं तिविषा गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या अर्चना सिरोही ने समापन आशीर्वाद और सुंदर यादों के साथ किया।

## बाइकों की टक्कर में मामा की मौत, भांजा घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना कुढ फतेहगढ़ क्षेत्र में बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में मामा भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और थाना पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने मामा को मृत घोषित कर दिया और भांजे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

थाना कुढ फतेहगढ क्षेत्र के गांव गुरगांव निवासी 25 वर्षीय यादराम पुत्र सीताराम शनिवार की रात 9 बजे गांव रीठ से चचेरे भाई अजय पुत्र रोहन की लगून का सामान लेकर वापस आ रहा था। बाइक उसके साथ थाना बिलारी क्षेत्र के गांव गौरा साहगढ़ निवासी भांजा विपिन पुत्र पप्पू भी था। जब वह मुमरेजपुर लिंक मार्ग पर पहुंचा, तभी सामाने से आ रही तेज गति से बाइक ने टक्कर मार दी।घटना के बाद दूसरे बाइक सवार युवक मौके पर बाइक छोड़कर भाग गए। जबकि यादराम व विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई और भीड़ में लोगों ने यादराम को पहचाना तो इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। सूचना के बाद परिवार के लोग व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घायल अवस्था में दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद यादराम को मृत घोषित कर दिया और विपिन की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यादराम की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## वैश्य समाज राष्ट्र निर्माता एवं भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में जाना जाता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** वैश्य एकता समिति ने स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ फीता काटकर एवं मां लक्ष्मी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति कर सभी लोगों का मन मोह लिया, तत्पश्चात समिति द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर 101 माताओं का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज ऐसा समाज है जिसे राष्ट्र निर्माता एवं भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में जाना जाता है,


वैश्य एकता समिति के वार्षिकोत्सव पर महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

साथ ही वैश्य समाज प्राचीन काल से ही कृषि, पशुपालन और वाणिज्य (व्यापार) के माध्यम से देश की आर्थिक नींव को मजबूत करता आया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय द्वारा की गई। इस दौरान आकाश वार्ष्णेय, दीपेश कुमार, प्रवीण गुप्ता, डा. दिशांत गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मयंक वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय नगरअध्यक्ष, विकास वार्ष्णेय, प्रखर गर्ग, अनमोल वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, राजा गुप्ता, प्रदीप वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती धूमधाम से मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवम गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती नगर के सीता रोड स्थित ण्क निजी हास्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने मुगलों से कई युद्ध लड़े ,लेकिन अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होने घास की



महापुरुषों की जयंती मनाते महापुरुष स्मारक समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

रोटियां खाई ,लेकिन स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया। 18जून 1576को हल्दी घाटी युद्ध में महाराणा प्रताप ने अकबर की अस्सी हजार सेना के सामने केवल बीस हजार सेना से युद्ध लड़ा। न ही बादशाह अकबर जीता और न ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप हारे। 19 जनवरी 1597को शेर के शिकार पर निकले महाराणा प्रताप जी गंभीर घायल हो गए और स्वर्गवास हो गया। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, चिंतक थे। वह महात्मा गांधी के राजनेतिक गुरु थे। गोखले ने ही महात्मा गांधी को अहिंसा के ज़रिए स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। उन्होने देश को आजाद कराने के लिए 1888 में कांग्रेस में प्रवेश किया। 1905मे भारत सेवक समाज "की स्थापना की, ताकि नौजवानों को सार्वजनिक जीवन के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। महान स्वतंत्रता सेनानी गोखले जी का 19फरवरी 1915को स्वर्गवास हो गया। इस दौरान डा. महेश कुमार गुप्ता, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, डा. नितिन कौशिक, डा. निशा गुप्ता, पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, बंटू बघेल, मोंटी मौर्य, अफजल खां, किशन पाल मौर्य, अरुण कुमार, अनस, लोकेश यादव, शोभा यादव, अश्विनी शर्मा, ने विचार व्यक्त किए।

## धूमधाम से कराया निर्धन हिंदू कन्या का विवाह


निर्धन हिंदू कन्या के विवाहोत्सव में शामिल मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी।


**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** नगर के रामबाग रोड स्थित अक्रूरजी पुरम में स्थापित श्री महाकालेश्वर देव वाणी मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर परिसर में मुरादाबाद निवासी मीनाक्षी शर्मा का विवाह जनपद वदायूं के थाना उघैती के ग्राम जाटों वाला रामनगर निवासी - शिवकुमार शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न कराया।

जानकारी के अनुसार हिंदू कन्या के माता पिता नहीं थे, एक भाई था वह भी दिव्यांग है। ऐसे में कन्या पक्ष के दूर के रिस्तेदारो ने कन्या के विवाहोत्सव में आ रही आर्थीक वाधा का संज्ञान मंदिर के ट्रस्टियों को अवगत कराया तो अक्रूरजी पुरम निवासीयों ने कन्या के विवाहोत्सव की जिम्मेदारी ली। विवाह में महिला पुरूष ट्रस्टियों ने कन्या पक्ष के परिजन वनकर, विधिवत सात फेरों व जयमाला की मुख्य रस्म के साथ ग्रहस्थ जीवन के उपयोगी उपहार देकर कन्या को विदा किया।

## घर में घुसकर युवती को ले जाने का प्रयास, विरोध पर मां को पीटा

**चन्दौसी।** मोहल्ला घटलेश्वर गेट निवासी कुसुम कान्ता वार्ष्णेय पत्नी स्व. तरुण कुमार ने बताया कि 9 मई की रात करीब 12 :30 बजे जब वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थीं, तभी मोहल्ले का ही निवासी वंश पुत्र प्रदीप कुमार अवैध रूप से उनके घर में घुस आया। आरोप है कि वंश ने पीड़िता की पुत्री तनु वार्ष्णेय को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। जब कुसुम कान्ता ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी आपे से बाहर हो गया। उसने पीड़िता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके साथ मारपीट की।

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अफसाना पत्नी उस्मान शाह निवासी ग्राम भंवरका थाना केमरी जनपद रामपुर ने उपस्थित थाना आकर तहरीर किया कि उसका पुत्र अरमान शाह उम्र करीब 15 वर्ष दिनांक 24 .4 .2026 को करीब 15 .00 बजे से घर से कंही चला गया है, जो वापस घर पर नहीं आया। जिसे काफी तलाश कियां गया परंतु नहीं मिला। उक्त गुमशुदा अरमान शाह पुत्र उस्मान शाह के सम्ब न्ध मे थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 55/2026 अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत है। हुलिया – लंबाई करीब 5 फिट, शरीर इकहरा स्वस्थ, रंग गेहूंआ, बाल छोटे काले।

**पहनावा** – काला बनियान, काला लोअर तथा नीली चप्पल पहने हुए है। यदि किसी व्यक्ति को लापता की जानकारी मिले तो निम्न मो0नं0 पर सूचित करने की कृपा करें।

| (परिजन) | (विवेचक) | (थानाध्यक्ष) |
|---|---|---|
| उस्मान पुत्र फूल शाह | उ0नि0 श्रवण कुमार | थाना – केमरी, रामपुर |
| नि0ग्रा0 भंवरका | 8958201684 | 9454404162 |
| 9259873216 | | |

## एक नजर

### आत्महत्या के लिए उकसाने में मुकदमा दर्ज

**गजरौला :** युवक द्वारा किए गए शारिरिक शोषण से उपजे मानसिक तनाव में आकर बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला सुल्ताननगर निवासी फल विक्रेता वीर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार ने अपने दोस्त के कमरे पर फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी थी। वह मुरादाबाद स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसने 05 मई को अपने दोस्त के कमरे पर फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में मृतक के पिता वीर सिंह ने नगर के मौहल्ला भोलानाथ मंदिर वाली गली निवासी रिशव प्रजापति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि वर्ष 2021 में रिशव प्रजापति ने मोहित के साथ शारीरिक शोषण किया था। मोहित के बताने पर वीर सिंह ने उसी समय आरोपी के विरूद्ध थाने में तहरीर दी थी, लेकिन बाद में लोगों का दबाव पड़ने पर वीर सिंह ने समझौता कर लिया था, लेकिन पिता के मुताबिक इस घटना के बाद मोहित मानसिक रूप से परेशान रहता था, 05 मई को आत्महत्या करने से पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें फांसी के फंदे पर झूलने का कारण रिशव प्रजापति को बताया है। पुलिस ने वीर सिंह की तहरीर पर आरोपी रिशव प्रजापति के विरूद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत चालक घायल



मृतक के परिजन विलाप करते हुए। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**हसनपुर।** सैद नागली थाना क्षेत्र के गांव में गंगा एक्सप्रेसवे के निकट एप्रोच रोड पर ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की उपचार को ले जाते समय मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव कनैटा की मडिया निवासी ब्रह्मपाल पुत्र घनश्याम शनिवार की शाम अपना ट्रैक्टर लेकर अपने दोस्त कनैटा निवासी बनी सिंह पुत्र सुमेर 40 वर्षीय के साथ गांव से आधा किलोमीटर दूर सुमाठेर अड्डे पर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से आधा किलोमीटर दूर गंगा एक्सप्रेस वे की एप्रोच रोड पर स्थित नगर निवासी विनोद के बाग के पास पहुंचे तो अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। ट्रैक्टर एप्रोच रोड के किनारे बाग लगे खेत में घुस घुसकर पलट गया। ट्रैक्टर पर बैठे बनी सिंह की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। जबकि चालक ब्रह्मपाल घायल हो गया। लेकिन परिजन जिंदगी की आस में मृतक को लेकर नगर के सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की अभी शादी भी नहीं हुई थी। मृतक की वृद्ध मां माया देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

## ट्रेन से कटकर कुढ फतेहगढ के खानूपूरा निवासी किशोर की हरदोई में मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय



अजय का फाइल फोटो।

**चन्दौसी।** थाना कुढ फतेहगढ के गांव खानुपुरा के किशोर की शनिवार को हरदोई में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शव घर पहुंचने पर मां के साथ परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। रविवार को नम आंखों के बीच परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया। कुढ फतेहगढ के गांव खानुपुरा निवासी 16 वर्षीय अजय अपने भाई के साथ शनिवार की दोपहर बरेली रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा लखनऊ जा रहा था। जब ट्रेन हरदोई के पास पहुंची तो अजय गेट के पास बैठी उल्टी की रही महिला हटाने लगा। इसी बीच अजय का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। नीचे गिरने से ट्रेन की चपेट में आकर पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद भाई ने चेंन खींचकर ट्रेन रोकी। सूचना के बाद जीआरपी व आरपीएफ पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायल अवस्था में अजय को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उपचार के बाद उसे रैफर कर कर दिया गया। इसके बाद भाई उसे बरेली ले आया। जानकारी के बाद परिवार के लोग भी बरेली अस्पताल पहुंच गए। शाम को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अजय का शव जब घर पहुंचा तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और माता पिता के साथ अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर विवाद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, ठाकुरद्वारा।** ई-रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक विजय देशवाल मय हमराह कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ 10 मई को क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं वाहन चेकिंग ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी इसरार अपने रिक्शे में सवारी बैठाने को लेकर अन्य सवारियों से विवाद करने लगा। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर इसरार को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी इसरार पुत्र स्व. भूरे, उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम शरीफनगर के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत चालानी कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने न्यायालय से आरोपी को भारी धनराशि के मुचलके से पाबंद किए जाने की मांग की है, न्यायालय की सुनवाई के बाद आरोपी को जमालपुर रहा कर दिया गया।




बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

## एआइएमआइएम के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ऑल इंडिया मजलिसे इस्तेहादुल मुस्लिमन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की एक बैठक नगर के सम्भल रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। प्रदेश महासचिव बिजनौर व हापुड़ के प्रभारी हाजी शहजाद खान एडवोकेट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी देश के एकमात्र ऐसे नेता है। जो सड़क से लेकर संसद तक जनता के हक की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने ओवैसी को मजनू और अल्पसंख्यकों की निडरता से लड़ाई लड़ने वाला बताया। जिला प्रभारी साजिद सैफी ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह ओबीसी की मुहिम को घर-घर तक पहुंचाएं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।जिससे संगठन की जमीनी पकड़ मजबूत हो उन्होंने पार्टी की विचारधारा और नीतियों को आम जनता तक ले जाने पर जोर दिया पदाधिकारी से जनता के बीच पहुंचकर संगठन का प्रचार प्रसार करने को कहा। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए ।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष छुन्नन अल्वी,हाफिज आसिफ, शाहज़ेब सलमानी, मारूफ अंसारी, फिरोज अंसारी, अनवर खान, डॉक्टर वकार, नासिर कस्सार, फिरोज कस्सार ,सादिक कादरी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया ज्ञान और वैराग्य का प्रसंग



कथा व्यास। –जागरण मोर्चा



कथा सुनते हुए भक्त। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक कृष्ण देव महाराज के द्वारा भक्ति ज्ञान और वैराग्य के प्रसगो का वर्णन किया गया।भक्तों ने ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण किया शनिवार की देर शाम कथा के प्रथम दिन कथा वाचक कृष्ण देव महाराज ने भक्ति ज्ञान और वैराग्य की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति के दो पुत्र हैं। ज्ञान और वैराग्य जो संसार में मोह के कारण वृद्ध हो गए हैं ।भागवत कथा के श्रवण से यह दोनों पुन युवा हो जाते हैं ।दिव्य ज्ञान मनुष्य के भीतर की आसक्ति ममता और अज्ञान की गांठों को काट डालता है ।तथा भागवत के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि कैसे पापी व्यक्ति का भी उधार हो सकता है। अगर वह पूरे सात दिनों तक श्रद्धा से श्रीमद् भागवत कथा सुने तो उसे निश्चित ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। कथा का मुख्य उद्देश्य सांसारिक दुखों से मुक्त होकर भक्ति प्राप्त करना है। वैराग्य का अर्थ है की कथा संसार को छोड़ने के लिए नहीं बल्कि संसार में रहते हुए मोह को त्यागने और भगवान से जुड़ने का संदेश देती है। इस मौके पर विक्रम प्रधान जी ,मास्टर धर्मपाल सिंह, लाखन सिंह, सरदार सिंह, सुभाष सिंह, धर्मपाल ,हरवीर ,विजय सिंह, मिश्री सिंह, गंगाराम,सोनू सिंह, रामेश्वर, दिनेश कुमार, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।



मातृ दिवस पर स्कूल में हुआ कार्यक्रम। –जागरण मोर्चा

## मातृ दिवस पर स्कूल में हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मातृ दिवस के अवसर पर शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक चौधरी उमेंद्र सिंह, अध्यक्ष विनय सिंह, वर्षा औलख एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक द्वारा मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माला अर्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य गीत कविता भाषण एवं नाटक के माध्यम से मां के महत्व के विषय को दर्शाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक द्वारा सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्टाफ एवं बच्चों को बधाई दी और जीवन में मां के महत्व के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन पूनम पोखल ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने बढ़ा हुआ मानदेय मिलने पर मनाई खुशी, योगी सरकार का जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिक्षामित्र एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में की गई ऐतिहासिक वृद्धि के बाद, अप्रैल माह का बढ़ा हुआ मानदेय उनके खातों में पहुंचते ही प्राथमिक शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने के उत्साह में गंगेश्वरी ब्लॉक के शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता साझा की और योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन रूखालू न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह संवेदनशील निर्णय उनके और उनके परिवारों के लिए किसी बड़े उपहार से कम नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की नींव हैं और सरकार द्वारा उनके हितों के प्रति दिखाई गई इस तत्परता से शिक्षा व्यवस्था में और भी सकारात्मक सुधार आएंगे। इस अवसर पर अनुदेशक विलेश चौहान और दीक्षा शर्मा,शिक्षा मित्र राशिद अली, संतराम सिंह, दारा सिंह और विनोद कुमार,पूर्व एआरपी विकास राहुल, वरिष्ठ शिक्षक डॉ. रमेश सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, सहायक अध्यापक अमित कुमार, अजय सागर, मनीष कुमार और रेनू कंसल शामिल रहे।

## कार्मेल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे




जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के निस्वार्थ प्रेम, बलिदान और त्याग को प्रदर्शित किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये बताया कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो जन्म से ही उसे संस्कार और शिक्षा देकर बेहतर इंसान बनाती है। इस मौके पर प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा और उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने माँ की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा और मजबूत होगी और विकास के कार्यों को भी गति मिलेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने कहा कि एक भाजपा ही ऐसी पार्टी है। जो कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम करती है, जिसका उदाहरण चौधरी भूपेंद्र सिंह को दोबारा से मंत्रिमंडल में शामिल करना है।



भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए। –जागरण मोर्चा

इस मौके पर चेयरमैन राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजय सहदेव, इशांत सैनी, पप्पू मेंबर, दयानंद चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार सैनी, अंकित सैनी, राकेश सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा सुप्रीमो के निर्देश पर मृतक की पत्नी को सौंपा दो लाख रुपये का चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक की पत्नी को चेक देते हुए सपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जयतोली में पिछले वर्ष हुए इशरत प्रधान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के विशेष प्रयासों से इशरत प्रधान की पत्नी मैसर जहाँ को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, यह सहायता राशि का चेक समाजवादी पार्टी अमरोहा के जिलाध्यक्ष मताराम यादव द्वारा पीड़ित परिवार को सौंपा गया, इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, कमजोर, शोषित एवं पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहती है और हर दुःख-सुख में जनता के बीच रहकर सहयोग करने का कार्य करती है, अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई इस आर्थिक सहायता से पीड़ित परिवार को कठिन समय में बड़ी राहत और हौसला मिला है, वहीं विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर लगातार क्षेत्र की जनता के सुख-दुःख में सहभागी रहते हुए जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करने का कार्य कर रहे हैं, पीड़ित परिवार ने समाजवादी पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन समय में मिला यह सहयोग उनके लिए हिम्मत देने वाला है। इस मौके पर शावेज, चंद्रपाल सैनी, कैसर परवेज़, अनुज त्यागी , मोमिन चौधरी, फ़रमान चौधरी, रागिब चौधरी , साजिद चौधरी, आरिफ अल्वी, साजिद अल्वी, कपिल यादव, राहत चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मंत्री मण्डल विस्तार घोषणा पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** आज को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री मण्डल विस्तार की ऐतिहासिक एवं हर्षोल्लासपूर्ण घोषणा पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव के नेतृत्व में इन्द्राचौक गंगा प्याऊ मंदिर, गजरौला में मिष्ठान वितरण कर भव्य खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर विशेष उत्साह व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रामरतन सिंह जाटव, डॉ उत्तम सिंह प्रजापति पूर्व मण्डल अध्यक्ष , चौधरी लोकेश कुमार, ब्रजेश अग्रवाल, चंद्रपाल सिंह, चौधरी तेजपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह प्रधान,करन सिंह सैनी, सुशील सैनीसुरेंद्र स्टेट, संग्राम सिंह, सुखवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, नवीन कुमार जैन, सोनू कश्यप, मनमोहन सेन डॉक्टर दीपक गंगवार, शंकर सिंह सैनी उमेश प्रजापत, सुरेश कुमार प्रजापति सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आयोजन** विश्व जागृति मिशन मुरादाबाद मंडल नई कार्यकारिणी की पहली बैठक

## दिव्य लोक आश्रम में गूंजा सेवा, संस्कार और सद्भाव का अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** विश्व जागृति मिशन मुरादाबाद मंडल की नव-नियुक्त कार्यकारिणी की पहली बैठक आज मुरादाबाद स्थित दिव्य लोक आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में सुधांशु जी महाराज के निर्देश पर गठित नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का शुभारंभ मंगलाचरण और गुरुवंदना के साथ हुआ। बैठक में सेवा संकल्प अभियान को आगे बढ़ाने के लिये कार्यकारिणी ने धर्म, ज्ञान और सद्भाव के मार्ग पर चलते हुए समाज को जागृत करने हेतु चर्चा की गई। तो वहीं आश्रम, गौशाला, गुरुकुल, औषधालय को लेकर



बैठक में सभी ने अपने विचार रखे। तो वहीं गुरुवाणी का प्रचार को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें कहा गया कि सुधांशु जी महाराज के विचारों और सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया जाएगा और अभियानों को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष रचित अग्रवाल ने संबोधन में कहा कि यह पद, सेवा का अवसर है और सभी वरिष्ठ साथियों के मार्गदर्शन से मिशन के कार्यों को नई ऊँचाइयों तक ले जाया जाएगा। इस अवसर पर बैठक का संचालन प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया। आयोजित बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने एकता, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने का प्रण लिया।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बताया कि सुधांशु जी महाराज के द्वारा निर्देश दिया गया है कि गुरुकुल की स्थापना कर अगली पीढ़ी को संस्कृति के प्रति शिक्षा देकर भविष्य को आगे बढ़ाये जाने का अभियान तेज हो। संरक्षण राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष रचित अग्रवाल, महासचिव अभिनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आर के गंगवार, प्रवीण कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र भंडाउला, विवेक शर्मा, राखी रस्तोगी, रणवीर सिंह, विनोद भाटनागर, गंगाराम, हरि शंकर, सुधांशु अग्रवाल, मुनेश चौधरी, मदन गोपाल वर्मा, अरुण अग्रवाल, राकेश मंगला,यह सभी बैठक में उपस्थित रहे। दिल्ली मुख्यालय से प्रतिनिधित्व प्रियाशु जी का रहा1

## युवक हत्याकांड में प्रयुक्त बाइक के साथ एक और आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्योहारा।** ग्राम जुलैला निवासी युवक गुलशन की हत्या के मामले में वांछित एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि विगत 30 अप्रैल 2026 को ग्राम जुलैला निवासी नृपेन्द्र सिंह के पुत्र गुलशन की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी। नृपेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम रहटोली निवासी पंकज कुमार, अतर सिंह, राहुल सैनी, अर्जुन सिंह समेत 10 से 15 अज्ञात लोगों पर पुत्र गुलशन की हत्या करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुष्पेन्द्र कुमार, रजनीश और अतर सिंह के नाम भी प्रकाश में आये तीनों गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जैल भेज चुकी है।

मामले में बीएनएस की अन्य धाराएं भी बढ़ाई गई है ।कल पुलिस ने मामले में वांछित एक और आरोपी संजय कुमार पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम रहटोली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल भी बरामद कर एमवी एक्ट के तहत आरोपी का चालान किया है। उपनिरीक्षक शिवा नैन, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल कुलदीप और कांस्टेबल सन्नी शामिल रहे।

# संपादकीय

## क्या बुद्धिजीवी आएंगे चुनाव में

नगर निगम चुनावों में सत्ता के पक्ष और विपक्ष के कद का मुकाबला आहूत है। प्रथम कदम उठाती भाजपा ने परिदृश्य को विस्तार देते हुए चुनाव को इतना महत्त्वपूर्ण बना दिया कि अब कांग्रेस ने नगरों के चूल्हे चौंके पर तमाम हमाम चढ़ा दिए हैं। ऐसे में छावनी बन गए नगर निगम हिमाचल की सियासत को नए प्रयोगों की जमीन बना कर ही छोड़ेंगे। यह इसलिए भी कि कुछ निर्दलीय वोटों को बटोरने की क्षमता में, दोनों प्रमुख दलों की कोशिशों को बट्टा लगा सकते हैं या अंतर्विरोध की तालिका में सपने बिगाड़ सकते हैं। सियासत सुर पकडऩे की कोशिश में आमने सामने है, तो चुनाव के कोरिडोर में सिर धड़ की बाजी सामने आ रही है। जाहिर है चुनाव पूरी तरह राजनीति में रंगे हैं, तो प्रचार की सामग्री में धब्बे और कीचड़ ही उछलेगा। खैर पालमपुर, मंडी, धर्मशाला व सोलन की जनता के सामने अपनी राजनीतिक–सामाजिक जागरूकता दर्ज कराने का अवसर भी तो है। राज्य की चिंताएं शहरों के वजूद से निकलेंगी तो राज्यस्तरीय खाकों में योजनाओं की जरूरत बढ़ेगी। शहर वे भी हैं जहां नगरपरिषदें या पंचायतें हैं, लेकिन निगमों के प्रारूप में हिमाचल क्या सोचता, यह इम्तिहान जरूरी है। सामाजिक तौर पर बुद्धिजीवी वर्ग की राजनीतिक या लोकतांत्रिक उदासीनता अगर यूं ही जारी रही, तो पार्षदों के रूप में हमें केवल कुछ सियासी खंभे ही मिलेंगे। देखना यह भी होगा कि चुनावी वादों का मानचित्र क्या बनता है और कितनी इच्छाशक्ति से पार्टियां अपने संकल्प पत्र तैयार करती हैं। विडंबना यह है कि शहरी सोच ने आर्थिक घरौंदे बना कर सारी व्यवस्था को उलट पलट दिया है। सोलन की अपनी शहरी दृष्टि पर चढ़ा नकाब यह देख ही नहीं पाता कि कल की हरी भरी पहाडिय़ां आज सीमेंट के बुर्ज बन गई हैं। पालमपुर ने छीन लिए चाय के बागीचे और अब साथ लगती पहाडिय़ों पर पर्यटन के नाम पर इन्हें छीलने का काम जारी है। धर्मशाला अपने अस्तित्व की बुलंद तस्वीर बनाते मकलोडगंज को 'मैलागंज' बना चुका है तो आर्थिक तरक्की का सूरमा बन कर लैंड माफिया राज कर रहा है। मंडी का संघर्ष अपनी ही सांस्कृतिक विरासत है, लेकिन जिक्र यह कि भाजपा इसे अपनी सियासत का चशमदीद गवाह बनाना चाहती है। क्या हम मंडी को सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा देने के लिए ये चुनाव लड़ेंगे। क्या सोलन को सुरक्षित अपार्टमेंट सिटी का खिताब हासिल करने का शोर ये चुनाव उठाएंगे। क्या पालमपुर अपने भीतर के 'पलम' को जिंदा रखते हुए चाय और कूहलों में बहते पानी को जिंदा रखने का चुनावी एहसास कराएगा या भीड़ के आलम में हम एक गिनती का बड़ा शहर बन जाएंगे। धर्मशाला को कई तखल्लुस मिले, लेकिन मिनी ल्हासा, शीतकालीन राजधानी, खेल नगरी या पर्यटन राजधानी के बिल्लों के नीचे, इसे चुनाव के सीने में कोई सरोकार मिलेंगे। शहरी चुनाव की भुजाओं बिलासपुर में नए सेक्टरों की ईजाद, नाहन अपने तालाबों से रिसते फरमान या चंबा के चौगान अपनी खो रही मुस्कान को फिर से हासिल कर पाएंगे। घुमारवीं के तलबों की पीड़ा में बड़े होते शहर के मजमून कब लिखे जाएंगे। मनाली की शान में क्या पर्यटन की फिरौती मांगता व्यापार यह भूल जाएगा कि इस कस्बे से आगे शहर की विशालता को भी अतीत का सुकून चाहिए। सुकून तो बड़े मंदिरों से जुड़े शहरों को भी चाहिए। नयना देवी मंदिर में जब यात्रियों के मेले लगते हैं, तो उस समय शहर की व्यथा क्या होती है। शहरों में शिमला से भटके हुए कार्यालय शिफ्ट हो रहे हैं या शिक्षा के नए अवतरण में युवा पहुंच रहे हैं, लेकिन क्या हम शहरों का वर्गीकरण करते हुए इन्हें इनकी पहचान के रूप में स्थापित कर रहे हैं। आखिर शहरी वोट है क्या। सिर्फ सियासी पिंजरे में वोट के तोते को कैद करना, तो कोई सफलता नहीं। शहर सुकून की जिंदगी, खुशहाल मंजर, सोच का समंदर, विद्या का मंदिर और आर्थिकी का लंगर बनें, इसके लिए बुद्धिजीवी वर्ग को अपने मत की महिमा बतानी होगी।

# पश्चिम बंगाल में सियासी बदलाव के निहितार्थ



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भीषण हार के बावजूद ममता बनर्जी का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना उनकी तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। यह बात दीगर है कि संवैधानिक तौर पर ममता के इस्तीफे नहीं देने से भी प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बनने से नहीं रोका जा सकता। ममता की यह प्रवृत्ति दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद दिलाती है। इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में धांधली के आरोपों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मानने से इंकार करते हुए देश को आपाताकाल की आग में धकेल दिया था। ममता बनर्जी भी इसी राह पर चलती नजर आती हैं। ममता बनर्जी के 15 वर्षों के शासन का अंत उनके लिए किसी दुस्वप्न से कम नहीं है। ममता ने ऐलान किया कि राजभवन जाकर इस्तीफा नहीं दूंगी। पश्चिम बंगाल में करारी हार के बाद भी टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के तेवर नरम नहीं पड़े हैं। ममता ने हार के बाद केंद्र सरकार से लड़ाई का नया ऐलान कर दिया। ममता ने कहा कि मुझे हराया गया है। उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि साजिश करके उन्हें हराया गया है। ममता ने कहा कि मैं हारी नहीं हूं, मैं राजभवन जाकर इस्तीफा नहीं दूंगी। ममता के तेवरों से साफ हो गया है कि वह बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के साथ अपनी लड़ाई को आगे ले जाने का मंसूबा बना चुकी हैं। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, बंगाल में यह (वोट चोरी) और ज्यादा हुआ क्योंकि हमने बहुत कड़ी लड़ाई लड़ी। हमारी लड़ाई सीधे तौर पर भाजपा के साथ नहीं थी, हमारी लड़ाई चुनाव आयोग के साथ थी। अगर चुनाव आयोग बिक जाए, न्यायपालिका से न्याय न मिले, इतने लोगों को एसआईआर के नाम पर निकाल दिया जाए, अधिकारी एकतरफा काम करें तो फिर क्या रास्ता रह जाता है। ममता के बयान से साफ जाहिर है कि उन्हें चुनाव हारने के कारण इंदिरा गांधी की तरह न्यायपालिका पर भरोसा नहीं रहा है।

देश में यह पहला मौका है जब किसी मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका पर अविश्वास जताया है। ममता की मनमानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश की शीर्ष अदालत ने कई मामलों में उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। संवैधानिक परंपराओं के तहत, अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं, तो राज्यपाल विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकते हैं। इस सत्र में बहुमत साबित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। भाजपा के पास 206 सीटें हैं और टीएमसी के पास सिर्फ 80, इसलिए ममता बनर्जी सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाएंगी। जाहिर है अविश्वास प्रस्ताव पारित होते ही मुख्यमंत्री ममता को हर हाल में अपनी कुर्सी छोडऩी होगी। भारतीय संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री का पद राज्यपाल की मंजूरी तक ही बना रहता है। अनुच्छेद 164 में स्पष्ट है कि राज्यपाल ही मुख्यमंत्री की नियुक्ति करते हैं। अगर मुख्यमंत्री चुनाव हार गए हैं या उनकी पार्टी सदन में बहुमत खो चुकी है और फिर भी वे इस्तीफा देने में आनाकानी करते हैं, तो राज्यपाल को उन्हें पद से बर्खास्त करने का पूरा अधिकार है। राज्यपाल एक आधिकारिक आदेश जारी कर वर्तमान सरकार को तत्काल प्रभाव से भंग कर सकते हैं। ममता के तेवरों से जाहिर है कि इंदिरा गांधी जैसा निरंकुश तरीका अपनाने का विफल प्रयास कर रही हैं। वर्ष 1971 में लोकसभा के चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार राजनारायण को भारी अंतर से हराया था। प्रतिद्वंद्वी राजनारायण ने इसे कोर्ट में चुनौती दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने 12 जून 1975 के दिन याचिका में इंदिरा गांधी के खिलाफ गिनाए गए पांच मुद्दों में तो इंदिरा गांधी को राहत दे दी थी, लेकिन दो मुद्दों पर उन्होंने इंदिरा गांधी को दोषी पाया था। फैसले में अदालत ने पाया कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत इंदिरा गांधी ने सरकारी साधनों का दुरुपयोग किया है। लिहाजा अदालत ने इंदिरा गांधी को अगले छह सालों तक लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लडऩे के अयोग्य ठहराया। इंदिरा गांधी और उनके समर्थकों को अंदाजा लगने लगा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला उनके खिलाफ जा सकता है, ऐसे में जज को मनाने की कोशिश भी हुई, लेकिन जस्टिस सिन्हा किसी दबाव में नहीं आए। इस फैसले के बाद इंदिरा गांधी सुप्रीम कोर्ट गईं। लेकिन इस बीच सुप्रीम कोर्ट के वैकेशन जज जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर ने भी कहा कि उन पर भी इस केस को लेकर दबाव बनाने की कोशिश हुई। जस्टिस कृष्ण अय्यर ने स्वीकार किया था कि देश के कानून मंत्री गोखले ने उनसे मिलने के लिए फोन किया था। 24 जून, 1975 को जस्टिस अय्यर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर स्थगन आदेश तो दे दिया, लेकिन ये पूर्ण नहीं आंशिक स्थगन आदेश था। जस्टिस अय्यर ने फैसला दिया था कि इंदिरा गांधी संसद की कार्यवाही में भाग तो ले सकती हैं, लेकिन वोट नहीं कर सकतीं।

कोर्ट के फैसले के बाद इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया था लेकिन उन्हें इस्तीफा देने से इंकार कर दिया। पीएम पद पर बने रहने के लिए इंदिरा ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाने की घोषणा कर दी। आपातकाल की काली रात 19 महीने लंबी थी और इस लंबे वक्त तक देश का लोकतंत्र कोमा में रहा। जनता के अधिकार, लिखने बोलने की आजादी सब आपातकाल की जंजीरों में जकड़ी हुई थी। आपातकाल के दौरान इंदिरा के बेटे संजय गांधी की हनक थी। जबरन नसबंदी जैसे तानाशाही फैसलों ने जनता को परेशान कर दिया था। जनवरी के महीने में आपातकाल हटाने के फैसले के साथ-साथ राजनीतिक बंदियों को रिहा करने के आदेश दिए गए और आम चुनाव की घोषणा की गई। इंदिरा को लगने लगा था कि वो प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगी, लेकिन जनता ने कुछ और ही सोच रखा था।

# धर्मनिरपेक्षता की मृगतृष्णा में भटक रहा 'इंडिया गठबंधन' तोड़ रहा है सियासी दम?



धर्मनिरपेक्षता की भारतीय अवधारणा मूलतः "सर्वधर्म समभाव" और राज्य की धार्मिक निष्पक्षता पर आधारित रही है। लेकिन पिछले कई दशकों में भारतीय राजनीति के एक हिस्से ने इसे सामाजिक संतुलन के बजाय "अल्पसंख्यक तुष्टिकरण" के राजनीतिक औजार के रूप में प्रस्तुत किया। यही कारण है कि आज अनेक क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दल वैचारिक संकट से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। सच कहूं तो वे सभी धर्मनिरपेक्षता की मृगतृष्णा में भटक रहे हैं, 'इंडिया गठबंधन' के सहयोगी दल कांग्रेस की बेरुखी से अपना अपना सियासी दम तोड़ते जा रहे हैं!

जहां कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक खुद को धर्मनिरपेक्ष राजनीति की केंद्रीय धुरी के रूप में स्थापित रखा। परंतु समय के साथ उस पर यह आरोप मजबूत होता गया कि उसने बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक आकांक्षाओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया और वोट बैंक आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा ने "सांस्कृतिक राष्ट्रवाद" और "बहुसंख्यक अस्मिता" के प्रश्न को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में ला दिया।

आज स्थिति यह है कि जो दल कभी भाजपा के हिंदुत्व विमर्श का तीखा विरोध करते थे, वे भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मंदिर, सनातन परंपरा, जातीय-सामाजिक प्रतिनिधित्व और राष्ट्रवाद की भाषा बोलने लगे हैं। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि भारतीय मतदाता अब केवल "धर्मनिरपेक्षता" के पारंपरिक नारों से संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह सांस्कृतिक आत्मसम्मान और विकास के संतुलन की अपेक्षा कर रहा है।

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि वह अभी तक यह तय नहीं कर पाई है कि उसकी राजनीति की मूल दिशा क्या होगी—पारंपरिक अल्पसंख्यक केंद्रित गठजोड़?

सामाजिक न्याय आधारित नई राजनीति? या फिर भारतीय सांस्कृतिक चेतना के साथ सामंजस्य? यदि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल समय रहते अपने वैचारिक ढांचे का पुनर्मूल्यांकन नहीं करते, तो उनके सामने तीन बड़े खतरे बने रहेंगे—

पहला, बहुसंख्यक समाज से लगातार बढ़ती दूरी उनके लिए सियासी चिंता का सबब बन सकती है। क्योंकि क्षेत्रीय दलों द्वारा उनके पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाया जा चुका है। दूसरा, भाजपा के राष्ट्रवादी विमर्श के सामने वैकल्पिक नैरेटिव का अभाव उतपन्न हो गया है। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि भारतीय लोकतंत्र केवल बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक राजनीति पर नहीं चलता। तीसरा, अंततः जनता विकास, सुशासन, सुरक्षा, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय आत्मविश्वास—इन सभी का संतुलन चाहती है।

इसलिए भविष्य उसी राजनीतिक शक्ति का होगा जो पहचान की राजनीति से ऊपर उठकर विश्वसनीय शासन मॉडल प्रस्तुत कर सके। कांग्रेस के लिए चुनौती केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि अपनी वैचारिक प्रासंगिकता बचाने की है। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि वह अपने पुराने ढांचे से बाहर निकलकर नई राजनीतिक भाषा गढ़ पाती है या नहीं।

## दुष्ट संग नहीं देहि विधाता

रामचरितमानस में तुलसीदास जी स्पष्ट रूप से कह गए हैं कि 'दुष्ट संग नहीं देहि विधाता', लेकिन किया क्या जा सकता है। दुष्टों की भरमार है। जहां जाओ वहीं इसी श्रेणी के लोगों की जमात बैठी हुई है। सज्जन का जीना मुहाल है और दुर्जन गुलाब जामुन खा रहे हैं। परेशान होकर आदमी स्थितियों का पुनरावलोकन करता है और दुष्टों से बचने का प्रयास करता है। हनुमान जी सीता माता की खोज करते हुए लंका में पहुंचे तो उनके मुख से विभीषण का निवास स्थान देखकर यही निकला कि 'यहां कहां सज्जन कर वासा।' वही बत्तीस दांतों के मध्य जीभ वाली स्थिति। जब भी किसी को मंत्रिमंडल में फेरबदल करना पड़ता है, सोचते हैं कुछ भले आदमी मिल जाएंगे, लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात। एक नागनाथ तो दूसरा सांपनाथ। दुष्टों से भला आदमी बच नहीं सकता। प्रभु से यही कामना करता है कि उसे दुष्ट की संगत नहीं मिले। पर यह कैसे संभव हो सकता है। कदम-कदम पर दुष्टता का नंगा तांडव हो रहा है। रक्तबीज की तरह दुष्ट उठ खड़े होते हैं। आफिस में मैं मेरे सात्विक तरीके से काम करता हूं तो वे ही लोग आते हैं- 'आदमी हो या नामर्द, सदैव विनम्रता से झुके रहते हो। तुम्हारी यह विनम्रता हमें पसंद नहीं है, या तो अपना रवैया बदलो वरना ठीक नहीं होगा।

आखिर क्यों समय पर आते और जाते हो? क्यों तमाम कार्य का निष्पादन यथासमय कर देते हो। रिश्वत भी नहीं खाते। यह भी कोई जीवन है?' मैंने कहा- 'यह मेरी जीवन शैली है और आप लोग मुझे इस पर बदस्तूर चलने दें। मैं इससे हट नहीं सकता।' लेकिन वे कब मानने वाले थे। बड़ी मुश्किल से उन दुष्टों को चाय-समोसा खिलाकर निजात पाई। यही हाल मौहल्ले का है। दीपक जी फाटे में पैर उलझाते फिरते हैं। किसी के घर से जरा सा पानी बाहर आ गया तो बात का बतंगड़ बनाकर मौहल्ला विकास समिति की बैठक आहूत कर लेंगे। समझाओ तो अडियल टट्टू की तरह अड़ जाएंगे। मैंने एक दिन दीपक जी से कहा- 'अमां यार एक ही मौहल्ले में रहते हो और हर किसी से सम्बन्ध खराब करने पर तुले रहते हो। थोड़ा धीर-गंभीर रहो। सबको अपना समझो। हर वक्त गुस्सैल भूमिका ठीक नहीं होती। अब बताओ मलकानी के घर का बाल्टी-दो बाल्टी पानी बाहर आ भी जाता है तो उसमें अपना जाता क्या है? मलकानी अभी मकान का पूरा काम नहीं करवा पाया है। बाद में तो पानी अपने आप बंद हो जाएगा।' दीपक जी बात का मर्म समझने के एवज मुझसे उलझ गए, 'अरे यार तुम उसके हिमायती बनकर आए हो क्या? मलकानी कितना पाजी है, यह मैं जानता हूं। मौहल्ले में ऐसा नहीं रखें तो कल मुझे ही निगल जाएगा और यह मलकानी की वाइफ बड़ी तेज है। मेरी वाइफ के मुंह लग गई तो उल्टा सीधा बोलने लगी। सच कहता हूं उसका मौहल्ले में जीना हराम कर दूंगा। तुम अपना काम करो, बीच में पंगा मत लो।'

## झीलों को बीमार कर रहा है माइक्रोप्लास्टिक

शहरों की जीवनरेखा कही जाने वाली झीलें, आज माइक्रोप्लास्टिक की गिरफ्त में हैं। यह प्रदूषण केवल तैरते हुए प्लास्टिक के बैग या बोतलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सूक्ष्म कणों का जाल है, जो हमारी आंखों से ओझल होकर जल, जीवन और भविष्य को निगल रहा है। हाल के वर्षों में हुए वैश्विक और भारतीय शोधों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शहरी झीलों में जमा हो रहा यह कचरा एक गंभीर पारिस्थितिकीय आपातकाल है। अंतराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'एनवायर्नमेंटल साइंस : एडवांसेज' के ताजे अंक में श्रीनगर की डल झील में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के बढ़ते प्रकोप पर एक शोध प्रकाशित हुआ है, जिसके चलते शहरी जल निधियों के जहरीले होने की तीव्र गति का पता चलता है।

आइआइटी, खड़गपुर की शोधकर्ता सुधा गोयल की मानें, तो लगातार बारिश ने न केवल माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा बढ़ा दी है, बल्कि स्टॉर्म वाटर निकासी के पास पॉली विनाइल क्लोराइड, पॉलीयुरेथेन और एक्रिलोनाइट्राइल ब्यूटाडीन स्टाइरीन (एक थर्मोप्लास्टिक) जैसे अधिक खतरनाक पॉलिमर भी पाये गये हैं। इन रसायनों ने झील के पानी की विषाक्तता को और बढ़ा दिया है। कुछ ऐसे ही शोध भोपाल के भोज वेटलैंड में भी हुए थे, जिससे पता चला कि वहां के पानी में 2 ।4 से 6 ।6 कण प्रति लीटर माइक्रोप्लास्टिक पाये गये हैं, जो गंगा नदी के अत्यधिक प्रदूषित हिस्सों के बराबर या उससे भी अधिक हैं। तिरुवनंतपुरम की वेल्लयानी झील, चेन्नई की झीलों, तमिलनाडु की धारा पदवेदु झील सहित बहुत से स्थानों पर गहन अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि अब माइक्रोप्लास्टिक इन झीलों को बीमार बना रहा है। यह समझना आवश्यक है कि यह सूक्ष्म प्लास्टिक झीलों तक पहुंच कैसे रहा है। शोध बताते हैं कि अतिवृष्टि या झंझा नीर (स्टॉर्म वॉटर) इसका सबसे बड़ा वाहक बनकर उभरा है। जब शहरों में भारी वर्षा होती है, तो सड़कों पर जमा टायर के घिसे हुए सूक्ष्म कण, मलबे और प्लास्टिक की धूल पानी के साथ बहकर सीधे झीलों में समा जाती है। हमारे शहरों के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी इस संकट को रोकने में विफल सिद्ध हो रहे हैं। अधिकांश मौजूदा तकनीकें पांच मिलीमीटर से छोटे कणों को छानने में अक्षम हैं। परिणामस्वरूप, वाशिंग मशीन से निकलने वाले सिंथेटिक कपड़ों के लाखों सूक्ष्म रेशे और घरेलू कचरे का बारीक हिस्सा सीधे इन जल निकायों का हिस्सा बन जाता है।

# हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है सोमनाथ



वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है : 'प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्'। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझायी नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आये और गये, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे।

लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभायी। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की।

महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने, जिनकी 300वीं जयंती मनायी जा रही है, सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही, हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।

## एक नजर

### भाजयुमो कार्यकर्ता पर गोलीबारी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मेहंदीगंज क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक कार्यकर्ता पर गोली चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हमले में घायल हुए भाजयुमो कार्यकर्ता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया कि आरोपी की पहचान वैभव बाजपेयी (25) के रूप में हुई है, जो व्यापार मंडल से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई। घायल हुए भाजयुमो कार्यकर्ता की पहचान चेतन तिवारी (30) के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद चेतन को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में हमले की वजह आपसी रंजिश सामने आई है। इस संबंध में चेतन की पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्तौल बरामद कर ली गई है।

### पॉक्सो के 97 फीसदी मामलों में करीबियों का होता है हाथ

**लखनऊ।** यूपी में बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों को लेकर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पॉक्सो एक्ट के 97 .5 प्रतिशत मामलों में आरोपी पीड़ित बच्चों के करीबी शामिल पाए गए। मतलब बच्चों को अंजाम से अधिक करीबियों, परिचितों व रिश्तेदारों से अधिक खतरा है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में प्रदेश में पॉक्सो के 3671 मामले दर्ज हुए। इन मामलों में 3581 मामलों में आरोपी पहले से पीड़ितों के जानने वाले निकले। केवल 90 मामलों में आरोपी अज्ञात पाए गए। रिपोर्ट में सामने आया कि 329 आरोपी परिवार के सदस्य थे, जबकि 1595 रिश्तेदार, पड़ोसी या अन्य परिचित व्यक्ति निकले।

# 'ईडी सुपारी किलर', आप सांसद संजय सिंह बोले- पूरे देश में चुनावी घोटाले कर रही भाजपा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के आंदोलन और जनता के दबाव के कारण सरकार को प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना पर पीछे हटना पड़ा, लेकिन पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के जरिए अभी भी जनता को लूटने का काम जारी है।

संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश के गांवों और शहरों में लोग खुद स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंक रहे थे, महिलाओं तक ने सड़कों पर उतरकर विरोध किया। संजय सिंह ने कहा कि किसी का 600 रुपये का बिजली बिल 3000 रुपये आ रहा है, किसी का 2000 रुपये का बिल 10000 रुपये तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि "मिल्खा सिंह से तेज भागने वाले" स्मार्ट मीटरों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी लड़ाई जारी रहेगी।

संजय सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, जिला इकाइयों, प्रांतीय पदाधिकारियों और प्रकोष्ठों को बधाई देते हुए कहा कि उनके संघर्ष और प्रदेश की जनता के दबाव के कारण सरकार को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है और जनता की लूट बंद होने तक आंदोलन जारी रहेगा। संजय सिंह ने शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि नीति आयोग और भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 9508 विद्यालय ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या एक शिक्षक के भरोसे मिड डे मील, पढ़ाई और पूरे विद्यालय का संचालन संभव है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिसका अर्थ है कि गांवों की शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक लाख स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक है और उनमें लगभग 10 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 30000 स्कूल ऐसे हैं जहां बिजली तक नहीं है। भीषण गर्मी में बच्चे बिना बिजली के कैसे पढ़ेंगे, इसकी किसी को चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि 98592 स्कूल ऐसे हैं जहां लड़कियों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। भाजपा "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" का नारा देती है लेकिन बेटियों के सम्मान और शिक्षा की बुनियादी व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

# डिजिटल दुनिया से बनाएं दूरी, बच्चों में डालें किताबें पढ़ने के संस्कार

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** आज के डिजिटल दौर में, जहां मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया बच्चों का अधिकतर समय घेर लेते हैं, वहीं पढ़ने की आदत विकसित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। पढ़ना केवल अच्छे अंक लाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों की सोच, कल्पनाशक्ति और व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित करता है। एक अच्छी पढ़ने की आदत बच्चों को जीवनभर सीखते रहने की दिशा में प्रेरित करती है। पढ़ना शिक्षा की नींव माना जाता है। स्कूल के छात्रों के लिए इसके लाभ केवल अकादमिक प्रदर्शन तक सीमित नहीं हैं। नियमित पढ़ने से शब्दावली समृद्ध होती है, एकाग्रता बढ़ती है और सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है। यह बच्चों के अंदर नई कल्पनाओं को जन्म देता है और उन्हें दुनिया को अलग-अलग नजरिए से देखने का अवसर प्रदान करता है।

पढ़ने की आदत व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। यह अवलोकन शक्ति को बढ़ाती है और विचारों को व्यवस्थित करने में मदद करती है। पढ़ने के माध्यम से बच्चे नई-नई जानकारी, विचार और अनुभव प्राप्त करते हैं, जो उनके जीवन को समृद्ध बनाते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे, लेकिन स्थायी रूप व्यक्ति को बेहतर बनाती है। छात्रों के लिए पढ़ने की अच्छी आदत विकसित करना उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को सुधारने, ध्यान केंद्रित करने और भाषा कौशल को मजबूत करने का सबसे प्रभावी तरीका है। चाहे कोई छात्र स्वयं में सुधार करना चाहता हो या कोई अभिभावक या शिक्षक किसी बच्चे को मार्गदर्शन देना चाहता हो, कुछ सरल रणनीतियों के माध्यम से पढ़ने को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाया जा सकता है।

वास्तविक जीवन के कई उदाहरण यह साबित करते हैं कि पढ़ने की एक छोटी सी आदत भी बड़े बदलाव ला सकती है। यह न केवल अच्छे अंक दिलाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है और जीवनभर सीखने की रुचि को बनाए रखती है।

# योगी कैबिनेट विस्तार: भूपेंद्र चौधरी के जरिये पश्चिम यूपी और जाट राजनीति साधने की कोशिश

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग गया। आज विस्तार में छह विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच यह विस्तार राजनीतिक संदेश देने वाला है।

2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले इस मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय समीकरण साधने के लिहाज से नाम तय किए गए हैं। पिछड़े समाज और पश्चिमी यूपी के समीकरण को साधने के लिए जाट समाज से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जैसे बड़े चेहरे को मंत्री बनाया गया है। भूपेंद्र सिंह चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद क्षेत्र से आते हैं। वह जाट समुदाय में भाजपा का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। वह प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। साथ विधान परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में पंचायतीराज मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

लोकसभा चुनाव में पश्चिम यूपी में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद जाट समुदाय को दोबारा मजबूत संदेश देने की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में भूपेंद्र चौधरी की कैबिनेट में वापसी को संतुलन की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है।

# मंत्री न बनाए जाने पर सोशल मीडिया पर छलकी विधायक की पीड़ा, पोस्ट शेयर कर जताई नाराजगी

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का रविवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। कुल आठ लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। इस बीच भाजपा विधायक आशा मौर्य ने मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की है। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पहली पोस्ट को डिलीट करके दूसरी पोस्ट की।

उन्होंने अपनी पहली पोस्ट में लिखा था कि आप सभी पत्रकार बंधुओं, पूरे देश, प्रदेश से आये फ़ोन कॉल, सोशल मीडिया पर शुभचिंतकों, समर्थकों एवं स्नेह रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आपका स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है लेकिन यह भी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भारतीय जनता पार्टी को समर्पित कार्यकर्ताओं, विशेषकर हम जैसे मौर्य समाज के संघर्षशील एवं निष्ठावान लोगों की आवश्यकता नहीं दिखाई दे रही, बल्कि बाहर से आए हुए बागी एवं दलबदलू नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। वर्षों से पार्टी और संगठन के लिए समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कहीं न कहीं पीड़ादायक है। फिर भी हम समाज, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ते रहेंगे।

उनकी यह पोस्ट वायरल हुई तो उन्होंने एक अन्य पोस्ट साझा की। उसमें लिखा कि आप सभी पत्रकार बंधुओं, देश-प्रदेश से प्राप्त हुए फ़ोन कॉल, सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं एवं समर्थन देने वाले सभी शुभचिंतकों, समर्थकों और स्नेह रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आप सभी का प्रेम, आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके स्नेह और समर्थन ने सदैव मुझे समाज एवं संगठन के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी है।

पार्टी और संगठन के लिए पिछले 35 वर्षों से पूर्ण समर्पण भाव, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए सदैव संगठन हित को सर्वोपरि रखा है। जनसेवा और समाजहित के लिए निरंतर कार्य करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है और आगे भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करती रहूंगी। हालांकि, एक समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते कहीं न कहीं मन में थोड़ी पीड़ा अवश्य हुई है क्योंकि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और निष्ठा हर कार्यकर्ता के लिए भावनात्मक रूप से जुड़ी होती है। लेकिन यह पीड़ा मेरे संकल्प को कमजोर नहीं करेगी, बल्कि समाज और संगठन के प्रति मेरी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

# प्रदेश में कल से सक्रिय होगा एक और पश्चिमी विक्षोभ, कई जिलों में हो सकती है हल्की बारिश

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। बीते एक सप्ताह से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं और हल्की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार 11 मई, सोमवार को प्रदेश में मौसम अपेक्षाकृत स्थिर और शुष्क रहेगा।इसके बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 12 से 15 मई के बीच पश्चिमी व पूर्वी यूपी के तराई क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

रविवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप निकलने से गर्मी में बढ़ोतरी दर्ज की गई, हालांकि लू जैसी स्थिति नहीं बनी। अधिकांश स्थानों पर तापमान अब भी सामान्य से नीचे बना हुआ है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मंगलवार से अगले तीन-चार दिनों तक तराई क्षेत्रों में बादलों की सक्रियता बनी रहेगी। इस दौरान रुक-रुक कर हल्की बारिश के आसार हैं, लेकिन इसके बावजूद तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

रविवार को प्रयागराज 39.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। बांदा में 39.2 डिग्री, जबकि वाराणसी और आगरा में 38.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं हमीरपुर में 26.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही।

# कृष्णा पासवान बनीं मंत्री, दलित के साथ महिला कार्ड पर भाजपा ने चला दांव

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग गया। आज विस्तार में छह विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच यह विस्तार राजनीतिक संदेश देने वाला है।

2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले इस मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय समीकरण साधने के लिहाज से नाम तय किए गए हैं। मध्य यूपी में महिला के साथ साथ दलित वोट बैंक को साधने के लिए फतेहपुर की खागा सीट से विधायक कृष्णा पासवान को मंत्री बनाया गया है।

कृष्णा पासवान दलित समाज, विशेषकर पासवान समुदाय में प्रभाव रखने वाली नेता मानी जाती हैं। पूर्वांचल और मध्य यूपी में पासवान वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने उन्हें मंत्री बनाया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा 2027 से पहले हर उस सामाजिक समूह को प्रतिनिधित्व देना चाहती है, जहां विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। यानी, दलित समाज के साथ-साथ महिला कार्ड पर भी भाजपा अपना दांव खेल रही है। मध्य यूपी और बुंदेलखंड से सटे इलाकों में पासवान बिरादरी का प्रभाव कई सीटों पर निर्णायक माना जाता है।

# अखिलेश यादव का योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर तंज, सीएम मतलब अब सिर्फ कुरियर मैसेंजर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है। श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ''ऊपर से आने वाली पर्चियों'' के आधार पर हो रहे हैं।


सपा प्रमुख ने व्यंग्य करते हुए लिखा, ''समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहाँ तो सिर्फ़ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है : कूरियर मैसेंजर।''

उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि ''फ़िल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर'' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फ़िल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है ''कर्मफल-कंसफल'' का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले।

दरअसल योगी आदित्यनाथ रविवार को पूरी मंत्रिमंडल के साथ शाम को लोकभवन में कृष्णावतरम् फ़िल्म देखेंगे। अखिलेश यादव ने अपने बयान में नैतिकता और आत्ममंथन का संदेश भी दिया। उन्होंने लिखा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका ''लालच और लोभ'' बुरा होता है, जो धीरे-धीरे दुराचरण का रूप ले लेता है। इसके विपरीत जब व्यक्ति स्वार्थ छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

# पॉक्सो के 97 फीसदी मामलों में करीबियों का होता है हाथ

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों को लेकर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पॉक्सो एक्ट के 97.5 प्रतिशत मामलों में आरोपी पीड़ित बच्चों के करीबी शामिल पाए गए। मतलब बच्चों को अंजाम से अधिक करीबियों, परिचितों व रिश्तेदारों से अधिक खतरा है।

आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में प्रदेश में पॉक्सो के 3671 मामले दर्ज हुए। इन मामलों में 3581 मामलों में आरोपी पहले से पीड़ितों के जानने वाले निकले। केवल 90 मामलों में आरोपी अज्ञात पाए गए। रिपोर्ट में सामने आया कि 329 आरोपी परिवार के सदस्य थे, जबकि 1595 रिश्तेदार, पड़ोसी या अन्य परिचित व्यक्ति निकले।

वहीं 1657 मामलों में आरोपी दोस्त, सोशल मीडिया के जरिये बने मित्र, लिव-इन पार्टनर या शादी का झांसा देकर संपर्क में आने वाले लोग थे। रिपोर्ट के मुताबिक पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत वर्ष 2024 में 3672 पीड़ित बच्चों के मामले दर्ज किए गए। इनमें 3571 लड़कियां और 101 लड़के शामिल हैं।

**मातृ दिवस** केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि संवेदनाओं के उस विराट सागर को नमन करने का अवसर है मातृ दिवस

# मां... सृष्टि का शाश्वत आधार और प्रेम का अथाह सागर

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** मातृ दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि संवेदनाओं के उस विराट सागर को नमन करने का अवसर है, जिसकी गहराइयों में जीवन की प्रथम अनुभूति, प्रथम स्पंदन और प्रथम सीख संचित रहती है। 'मां' शब्द अपने आप में इतना व्यापक और अर्थगर्भित है कि उसके समक्ष समस्त भाषाएं स्वयं को सीमित अनुभव करती हैं। यह वह संबोधन है, जिसमें स्नेह की सरिता, त्याग का तप और करुणा का अक्षय स्रोत एक साथ प्रवाहित होते हैं।– डॉ. योगिता जोशी

मानव जीवन की यात्रा जब आरंभ होती है, तब वह पूर्णतः निर्भर, असहाय और अनजान होता है, किंतु मां अपने स्नेहिल स्पर्श, मधुर वाणी और अटूट विश्वास से उस नवजीवन को संबल प्रदान करती है। वह स्वयं कष्टों के पथ पर चलकर भी अपने शिशु के लिए सुख की राह प्रशस्त करती है। उसके त्याग का कोई लेखा-जोखा नहीं होता, न ही उसके प्रेम की कोई शर्त होती है। वह निःस्वार्थता की वह जीवंत प्रतिमा है, जो बिना किसी अपेक्षा के केवल देना जानती है।

समाज और संस्कृति के निर्माण में मां की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और आधारभूत है। वह केवल एक व्यक्ति का पालन-पोषण नहीं करती, बल्कि एक संस्कारवान नागरिक का निर्माण करती है। उसके द्वारा दिए गए मूल्य, नैतिकता और जीवन-दृष्टि ही आगे चलकर समाज की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं। इस प्रकार, मां केवल परिवार की धुरी नहीं, अपितु राष्ट्र निर्माण की प्रथम आधारशिला भी है।

वर्तमान युग में, जब जीवन की गति अत्यंत तीव्र हो चुकी है और पारिवारिक संबंधों में औपचारिकता का पुट बढ़ता जा रहा है, ऐसे में मातृत्व का यह निष्कलुष स्वरूप और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। मां आज भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उसी समर्पण और धैर्य का परिचय देती है, चाहे वह गृहिणी हो या कार्यरत महिला। वह अपने दायित्वों के अनेक आयामों को संतुलित करते हुए परिवार और समाज के मध्य एक सशक्त सेतु का कार्य करती है। मातृ दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हम उस व्यक्तित्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें, जिसकी उपस्थिति हमारे जीवन को सार्थक बनाती है। किंतु यह भी सत्य है कि मां के प्रति सम्मान और प्रेम किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, यह तो जीवन के प्रत्येक क्षण में हमारे आचरण और विचारों में परिलक्षित होना चाहिए। अंततः मां वह शाश्वत शक्ति है, जो सृष्टि के प्रत्येक रूप में विद्यमान है। वह सृजन की आधारशिला है, करुणा की पराकाष्ठा है और प्रेम की परिभाषा है।

# "आखिरी 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे जब 9 साल में ये सरकार कुछ न कर सकी"

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बयान दिया है। उन्होंने तंज भरे लहजे में एक्स पर बयान दिया कि आखिरी 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे जब 9 साल में ये सरकार कुछ न कर सकी।

उन्होंने एक्स पर दिए गए बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार पर जनता के विचार और सवालः - उप्र में मंत्रिमंडल में केवल 6 रिक्तियाँ हैं, इससे ज्यादा तो दूसरे दल से पाला बदल कर आए लोग हैं, क्या उन सभी को मंत्री पद से नवाज़ा जाएगा?

क्या उनमें से सबसे कमज़ोर को चुना जाएगा जिससे कि उसकी कमज़ोरी कुछ कम हो जाए? एक समाज के कई विधायकों में से किसी एक को चुना जाएगा तो चुनने का आधार क्या होगा? अगर ऐसा हुआ तो बाक़ी दल-बदलुओं का क्या होगा? उनकी उपेक्षा व अपमान को क्या कुछ ले-देकर शांत करा जाएगा? या उन्हें भी ये अहसास करा दिया जाएगा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है? बाक़ी छूटे हुए लोग क्या अपने को ठगा सा महसूस नहीं करेंगे? वो अपने चुनाव क्षेत्र में मुँह दिखाने लायक बचेंगे क्या? इसके अतिरिक्त प्रश्न ये भी है कि उनके अपने दल के जो लोग मंत्री बनने के इंतज़ार में सूखकर काँटा हो गये हैं, उन बेचारों का क्या होगा? जिन वर्तमान मंत्रियों के विभाग कम किये जाएंगे तो क्या इससे जनता के बीच ये संदेश नहीं जाएगा कि वो नाकाम रहे, इसलिए उनसे मंत्रालय छीन लिया गया है? ऐसे मंत्री तो बिना लड़े ही क्या अपना चुनाव हार नहीं जाएंगे? साथी दलों को प्रतीक्षा के स्थान पर और कुछ मिलेगा या फिर उनको ये कहकर उपेक्षित कर दिया जाएगा तुम थे जिनके सहारे, वो हुए न तुम्हारे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मातृ दिवस समारोह

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पदमा चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि आईपीएस मिस नताशा गोयल ने की सहभागिता



मातृ दिवस समारोह के कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टनकपुर रोड एवं सुरभि कॉलोनी शाखा में मातृ दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पदमा चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि आईपीएस मिस नताशा गोयल ने सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ के त्याग, प्रेम एवं ममता को दर्शाया। माताओं के लिए आयोजित खेल एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। कुशाग्र सर एवं क्षितिज द्वारा प्रस्तुत माँ को समर्पित गीत ने सभी को भावुक कर दिया। मुख्य अतिथि पदमा चंद्रा ने माँ को बच्चों की प्रथम गुरु बताते हुए उनके संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं आईपीएस नताशा गोयल ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संघर्ष एवं सफलता की कहानी साझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी माताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## माँ वह है जो सबकी जगह ले सकती है, पर जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** मातृत्व संसार का सबसे पवित्र, महान और कठिन अनुभव माना जाता है। माँ केवल जन्म देने वाली नहीं होती, बल्कि वह जीवन की पहली गुरु, सच्ची मित्र और हर परिस्थिति में संबल देने वाली शक्ति होती है। उसकी ममता और त्याग के बिना जीवन अधूरा प्रतीत होता है। माँ की गोद वह सुरक्षित ठिकाना है, जहाँ पहुँचते ही इंसान दुनिया भर की चिंताओं और थकान को भूल जाता है। कहा जाता है कि हर व्यक्ति की कहानी उसकी माँ से शुरू होती है। माँ का प्रेम एक ऐसे दिशासूचक यंत्र की तरह होता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी सही राह दिखाता है। वह बिना कुछ कहे हमारी हर परेशानी और भावनाओं को समझ जाती है। जब जीवन में हर कोई साथ छोड़ दे, तब भी माँ एक मजबूत चट्टान की तरह अपने बच्चों के साथ खड़ी रहती है। जीवन में ममता केवल जन्म देने वाली माँ तक सीमित नहीं होती। कई बार बड़ी बहन, चाची, दादी या पड़ोस की कोई स्नेहिल महिला भी माँ जैसा स्नेह और मार्गदर्शन देती है।

मातृ दिवस उन सभी महिलाओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने प्रेम और त्याग से हमारे जीवन को संवारा है। हर संतान के लिए उसकी माँ दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होती है। वह परिवार की धुरी होने के साथ-साथ सबसे भरोसेमंद दोस्त भी होती है। माँ का प्रेम, धैर्य और त्याग हमें हर दिन बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। शब्द शायद कभी यह पूरी तरह व्यक्त नहीं कर सकते कि माँ हमारे जीवन में क्या मायने रखती है, लेकिन इतना जरूर है कि वह हमारे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर होती है।

## आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर में कैरम एवं चेस प्रतियोगिता आयोजित

**पूरनपुर।** स्थानीय आरएसआरडी स्कूल में में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य हाउस वाइज कैरम एवं चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जूनियर एवं सीनियर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रगति अग्निहोत्री, आदित्य वर्धन, नंदिनी, शुभ वर्मा, पंखुड़ी, आरुष प्रताप सिंह, पारुल यादव तथा अभिषेक चौहान सहित कई विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य चयनकर्ता के रूप में निर्दोष कुमार तथा निर्णायक के रूप में विक्रमाकर ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य Saurabh Varshney एवं उप-प्रधानाचार्य मोहित अवस्थी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को मानसिक विकास एवं नेतृत्व क्षमता के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दो मासूमों के अपहरण की कोशिश

- शिक्षिकाओं ने बचाया,फैली सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के बारादरी थाना क्षेत्र में दो मासूम बच्चों के कथित अपहरण की कोशिश का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। एक महिला ने अपने ही रिश्तेदार पर स्कूल पहुंचकर बच्चों को ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी रंजिश के चलते लगातार परिवार को धमका रहा है। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की, जिसके बाद बारादरी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

पीड़िता नेहा रानी ने बताया कि उनका अपने ननदोई जावेद अंसारी उर्फ मीडिया से लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी रंजिश में आरोपी लगातार उनके परिवार को परेशान कर रहा है। महिला के मुताबिक आरोपी पहले भी उनके पति को नौकरी से निकलवाने, ड्यूटी के दौरान हादसा कराने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे चुका है। पीड़िता का दावा है कि इन धमकियों का जिक्र पहले दर्ज एफआईआर में भी किया गया है।महिला के अनुसार 6 मई की सुबह करीब साढ़े सात बजे आरोपी सफेद रंग की कार से बच्चों के स्कूल पहुंचा। वहां उसने स्कूल स्टाफ से बच्चों के बारे में जानकारी लेनी शुरू कर दी। शिक्षिकाओं को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो उन्होंने बच्चों को उससे नहीं मिलने दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने स्कूल स्टाफ से बहस की और बदसलूकी भी की।

**सीसीटीवी और ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा**

पीड़िता का कहना है कि आरोपी बच्चों का अपहरण कर नुकसान पहुंचाने की नीयत से स्कूल पहुंचा था। महिला ने दावा किया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और स्कूल शिक्षिका की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है, जिन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। घटना के बाद से परिवार में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले की शिकायत थाना बारादरी पुलिस से भी की गई है। पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। बारादरी इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक पासवान की पहल पर पिपरिया दुलाई में 6 किमी सड़क निर्माण कार्य शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के ग्राम पिपरिया दुलाई में विकास की दिशा में एक और बड़ी सौगात देते हुए पूरनपुर विधायक की पहल पर होली चौराहे से मुजफ्फरनगर रोड तक बनने वाली 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना का भव्य शुभारंभ किया गया। विधायक बाबूराम पासवान ने विधि-विधान के साथ नारियल तोड़कर एवं पूजन-अर्चन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। सड़क निर्माण कार्य की कुल लागत लगभग 3 करोड़ 43 लाख रुपये बताई गई है।

विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से ग्रामीण इस सड़क की मांग कर रहे थे, जिसे अब स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। सड़क बनने से ग्राम पिपरिया दुलाई सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और व्यापार, शिक्षा व कृषि कार्यों को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष सुनील दीक्षित, विश्मवर दयाल मिश्रा, महेंद्र सिंह, सदन सिंह, सविन सिंह, शुभनीत मिश्रा, प्रधान राजा राम वर्मा, मुन्ना दीक्षित, भुवनेश शुक्ला, सुरेश पाण्डेय, रामलखन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रिहायशी इलाके में हिरन घुसने से मचा हड़कंप, वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय


घर में घुसा हुआ हिरन।

**पीलीभीत।** शहर की पॉश कॉलोनी राजा बाग में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली हिरन भटककर रिहायशी इलाके में पहुंच गया। हिरन को कॉलोनी की गलियों में दौड़ता देख लोगों में हड़कंप मच गया। सुबह घरों से बाहर निकले लोगों ने हिरन को देखा तो आसपास के कुत्ते भौंकने लगे। घबराया हिरन बचने के प्रयास में एक घर के अहाते में जा घुसा। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे हिरन काफी तनाव में दिखाई दिया।

स्थानीय लोगों ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत डायल 112 और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम जाल और अन्य उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने हिरन को सुरक्षित पकड़ लिया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हिरन पूरी तरह स्वस्थ है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई है। संभावना जताई गई कि वह पास के जंगल से भटककर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया था। रेस्क्यू के बाद हिरन को उसके प्राकृतिक आवास जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्र में दिखाई दे तो उसे परेशान न करें और तुरंत विभाग को सूचना दें। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं, जहां जंगली जानवर भोजन या पानी की तलाश में शहर की ओर आ जाते हैं।

# जनगणना में बरेली की रफ्तार तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में बरेली ने प्रदेशभर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। जिले में तीसरे दिन करीब 30 हजार लोगों ने ऑनलाइन स्वगणना कराई, जिससे प्रशासनिक मशीनरी को बड़ी मजबूती मिली है। गांव से लेकर शहर तक चल रहे जागरूकता अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

प्रशासन की ओर से अभियान को सफल बनाने के लिए करीब 12 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिदिन 20 घरों तक पहुंचकर लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य दिया गया है। टीमों ने मोहल्लों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रक्रिया समझाने का काम तेज कर दिया है। जनगणना अभियान के साथ-साथ विकास और राजस्व कार्यों में भी बरेली ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी अप्रैल-2026 की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली को ओवरऑल दूसरा स्थान मिला है। विकास कार्यक्रमों में जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा, जबकि राजस्व कार्यों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विकास और राजस्व दोनों की संयुक्त रैंकिंग में भी बरेली ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर प्रशासनिक क्षमता का मजबूत प्रदर्शन किया है।

**डीएम अविनाश सिंह की मॉनिटरिंग का दिखा असर**

जिलाधिकारी अविनाश सिंह लगातार समीक्षा बैठक कर विभागों की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक हर सप्ताह विभागवार समीक्षा, लक्ष्य आधारित मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर पर सख्ती से काम कराने का असर अब रैंकिंग में दिखाई दे रहा है। डीएम ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए विकास और राजस्व कार्यों की गति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और अन्य विभागीय अधिकारियों के प्रयासों की सराहना भी की।

अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बरेली प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सही और पूरी जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें, क्योंकि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है।

## ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत, श्रद्धालुओं ने किया पुष्प वर्षा से अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** ऑल वर्ल्ड गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत शांतिकुंज से आए ज्योति कलश रथ का शनिवार को श्री वेद माता गायत्री शक्तिपीठ गन्ना समिति पूरनपुर में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सायंकालीन बेला में आरती, पुष्पांजलि एवं दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान तथा नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहे और दिव्य ज्योति का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार सुबह गायत्री महायज्ञ के बाद ज्योति कलश रथ का नगर भ्रमण कराया गया। नगर के प्रमुख मंदिरों एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा यात्रा का पुष्प वर्षा एवं आरती के साथ स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के तहसील संयोजक राम औतार कुशवाह ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में १०८ ज्योति कलश रथ भ्रमण कर रहे हैं, जो अखण्ड ज्योति एवं तीर्थों की रज-जल लेकर लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत जनपद में यह रथ १२ अप्रैल से भ्रमण कर रहा है और १६ मई तक विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेगा।

नगर के गुरु सिंह सभा, अशोक कॉलोनी मंदिर, बाल्मीकि बस्ती, कायस्थान, शिव धाम मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर, साईं मंदिर सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह फल, बिस्किट एवं शीतल पेयजल का वितरण भी किया गया।

## डीएम एसएसपी ने किया वजीरगंज थाने का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** डीमए अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा ने शुक्रवार को थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके बाद थाना दिवस में क्षेत्र से आए पीड़ितों की समस्याओं को सुनकरद उनका निस्तारण किया। इस दौरान अधिकारियों ने थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधितों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष तथा मैस आदि का मुआयना किया गया एवं सुधार के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर की साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रखरखाव व थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रुप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह, एसआई बृजपाल सिंह, हैड मोहर्रिर अखिलेश कुमार, महिला हेल्पडेस्क पर अर्चना, थाना कार्यलेख पर अकिंत कुमार चन्देल, सीसीटीएनएस पर कम्प्यूटर आपरेटर आलोक कुमार तथा संतरी पहरा पर रिक्रूट आरक्षी उमेश कुमार सिंह मौजूद रहे। रिक्रुट आरक्षीयों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं कम्पयुटर की जानकारी व थाना कार्यालय में किये जा रहे कार्यों में रुचि लेते हुये अध्ययन करनें एंव उन्हें ड्यूटी, अनुशासन, जनसंपर्क एवं कानून-व्यवस्था संबंधी बिंदुओ पर ब्रीफ किया गया।

## थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने सुनीं जनसमस्याएं

**फैजगंज बेहटा।** थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। समाधान दिवस में पहुंचे ग्रामीणों ने भूमि विवाद, रास्ते के झगड़े, आपसी कहासुनी तथा अन्य मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




## स्कूली बच्चों का मिड डे मील डकार रहे शिक्षक

**बरेली।** दमखोदा ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोखनपुर में शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण ने सरकारी स्कूलों की बदहाल व्यवस्था की परतें खोल दीं। स्कूल में मिड-डे मील से लेकर छात्र उपस्थिति तक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। रिकॉर्ड में छात्रों की संख्या बढ़ाकर दिखाई जा रही थी, जबकि मौके पर केवल 45 बच्चे ही मौजूद मिले। जांच में यह भी सामने आया कि सरकारी धनराशि निकालने के लिए कई दिनों से फर्जी लाभार्थियों का खेल चल रहा था।शनिवार सुबह करीब 8:25 बजे जब बीएसए विद्यालय पहुंचे तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। स्कूल में न तो समय पर प्रार्थना शुरू हुई थी और न ही कक्षाओं में शिक्षक मौजूद थे। सहायक अध्यापक सुनीता सिंह और शगुफ्ता फिरोज बिना सूचना अनुपस्थित मिलीं, जबकि अनुदेशक विजय पाल देरी से स्कूल पहुंचे। बीएसए के पहुंचने के काफी देर बाद आनन-फानन में प्रार्थना सभा शुरू कराई गई।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों और छात्रों ने भी स्कूल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। लोगों ने बताया कि विद्यालय अक्सर देर से खुलता है और शिक्षक समय पर नहीं आते। बच्चों की पढ़ाई भगवान भरोसे चल रही है। कई अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल में केवल कागजों पर व्यवस्थाएं दिखाई जाती हैं। सबसे बड़ा खुलासा मिड-डे मील योजना में हुआ। छात्रों ने बीएसए को बताया कि उन्हें कभी दूध नहीं दिया जाता। वहीं रसोइयों ने भी स्वीकार किया कि कम बच्चों की मौजूदगी के बावजूद रिकॉर्ड में ज्यादा बच्चों को भोजन दिखाया जाता रहा। जांच में सामने आया कि छात्र संख्या बढ़ाकर सरकारी राशन और धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा था।निरीक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहद खराब मिली। कक्षा आठ के छात्र विज्ञान विषय के सामान्य सवालों का जवाब तक नहीं दे सके। स्कूल में रखी विज्ञान किट और फर्स्ट-एड बॉक्स धूल खाते मिले। इससे साफ हो गया कि संसाधन तो हैं, लेकिन उनका उपयोग नहीं हो रहा। बीएसए ने मामले को गंभीर मानते हुए प्रधानाध्यापक तपन सिंह मौर्य समेत संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय जांच के साथ जवाब तलब किया गया है।

आयोजन — पुलिस लाइन में हुआ व्यापक युद्धाभ्यास, अधिकारियों ने सिखाए भीड़ नियंत्रण के तरीके

# पीलीभीत पुलिस की 'बलवा ड्रिल': दंगाइयों से निपटने को कसी कमर, परखी गई ताकत

जागरण मोर्चा कार्यालय


दंगाइयों से निपटने की मॉक ड्रिल करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में व्यापक 'बलवा ड्रिल' का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर ने किया, जिसमें जिले के विभिन्न थानों से पहुंचे पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

ड्रिल के दौरान पुलिस बल को दंगा नियंत्रण से जुड़े आधुनिक उपकरणों और रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिसकर्मियों ने हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, ढाल और लाठियों के उपयोग का अभ्यास किया। साथ ही उपद्रवी भीड़ को नियंत्रित करने और स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभालने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई।

अभ्यास में टियर गैस (आंसू गैस) के गोले छोड़ने की प्रक्रिया और उससे संबंधित तकनीकी पहलुओं का भी प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी संवेदनशील परिस्थिति में पुलिस बल का संयमित और रणनीतिक रवैया बेहद महत्वपूर्ण होता है।

क्षेत्राधिकारी बीसलपुर ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बल प्रयोग केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही किया जाए और हर कदम सोच-समझकर उठाया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि इस तरह के नियमित प्रशिक्षण से पुलिस बल मानसिक और शारीरिक रूप से अधिक सक्षम बनता है तथा किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावी तरीके से निपटने में मदद मिलती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति, सुरक्षा और जनता का विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर फिर हादसा... स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलटी, 30 यात्री घायल

## बिसौली क्षेत्र में रविवार सुबह हादसा, आखिर लगातार क्यों पीलट रहीं स्लीपर बसें

- **शीशा तोड़कर निकाले गए यात्री, मची चीखपुकार, सीएचसी व जिला अस्पताल में घायलों का हुआ इलाज**

जागरण मोचा कार्यालय

**बदायूं।** हरिद्वार से प्रयागराज सवारी लेकर जा रही स्लीपर बस रविवार की सुबह बिसौली थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के पास में अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेस वे अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई लेकिन करीब 30 लोगों को खेटें आईं हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि बस चीख-पुकार के बीच उनको शीशाद तोड़कर बाहर निकाला गया।



स्लीपर बस को सीधा करती क्रेन। -जागरण मोर्चा



हादसे में घायलों को अस्पताल ले जाते स्वास्थ्य कर्मी। -जागरण मोर्चा

चालक ने बताया कि वह रविवार की सुबह को हरिद्वार से करीब 40 यात्रियों को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था। बस जैसे ही बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फिराजपुर के पास पहुंची कि अचानक नींद की छपकी आने से बस अनियंत्रित हो गई। जब तक चालक उसे संभालता कि बस गंगा एक्सप्रेस वे पर ही पलट गई। हादसे के बाद उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के समय बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश लोग प्रयागराज जा रहे थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

घटना की सूचना मिलते ही बिसौली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल और अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी और चालक नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं चालक को झपकी आने या तकनीकी खराबी की वजह से तो दुर्घटना नहीं हुई।

हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों और उनके परिजनों में दहशत का माहौल है। कई यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हादसे होते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती।

> पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। साथ ही स्लीपर बस की जांच की जाएगी कि बस के काजग पूरे हैं याद नहीं। फिटनेस के बिना तो कहीं बस संचालित नही हो रही थी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। **-हरिओम, एआरटीओ।**

पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है और किसी की मौत की सूचना नहीं है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रशासन ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

# महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा ठप...रिपोर्ट पर नहीं भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** महिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर न होने से सेवा पूरी तरह से ठप हो गई है। ऐसी स्थिति में महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होते। बीते दो महीने से पूर्व सीएमएस डॉ. इंदुकांत वर्मा के तबादला के बाद से गर्भवतियों को भटकना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड होते तो हैं लेकिन हाथ से लिखी हुई रिपोर्ट दी जा रही है जिसको अस्पताल के डॉक्टर भी नहीं समझ पाते हैं। ऐसे में मरीजों का अल्ट्रासाउंड से भरोसा ही उठ गया है। अब मरीजों को 600 रुपये खर्च करने के बाद प्राइवेट सेंटर पर घंटों लाइन में बैठना पड़ रहा है।

महिला अस्पताल में करीब सौ से अधिक महिलाएं अल्ट्रासाउंड कराने के लिए रोजाना महिला अस्पताल पहुंचती हैं। इनमें से 25 से 30 गर्भवती ऐसी होती हैं, जिनका इमरजेंसी में प्रसव से पहले अल्ट्रासाउंड करना आवश्यक होता है। यहां रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण महिलाओं को बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 500-600 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जिला अस्पताल में भले ही रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है लेकिन कभी सेंटर पर ताले लटके रहते हैं तो कभी डॉक्टर अवकाश पर रहते हैं। अगर किसी का अल्ट्रासाउंड हो भी जाए तो खुद डॉक्टर के अलावा अन्य डॉक्टर उसको नहीं पढ़ सकता है। लोगों को हाथ से लिखी हुई रिपोर्ट थमाई जा रही है जिससे लोगों का भरोसा पूरी तरह से सरकारी अस्पताल से उठता जा रहा है।

> अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं है। विभाग को तैनाती के लिए लिखा जा रहा है। जब तक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हो जाती तब तक मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कोशिश है कि जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हो सके। **– शोभा अग्रवाल, सीएमएस महिला अस्पताल**

**मजबूरी में बाहर से कराई जांच**

सहसवान से आई सात माह की गर्भवती रेशमा का इलाज अस्पताल से चल रहा है। डॉक्टर ने डेढ़ हफ्ते पहले अल्ट्रासाउंड जांच लिखी थी। अस्पताल में जांच की सुविधा न होने पर दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। वहां एक हफ्ते बाद जांच के लिए बुलाया गया। उन्होंने बताया कि मजबूरी में 600 रुपये खर्च कर निजी केंद्र से जांच कराई।

**सेंटर में लगा मिला ताला, निजी केंद्र से कराई जांच**

कासिमपुर निवासी मीरा ने बताया कि उसका महिला अस्पताल से इलाज चल रहा है। वह छह माह की गर्भवती है। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराके रिपोर्ट दिखाने को कहा। महिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पहुंचे तो गेट में ताला लगा मिला। खून से जुड़ी जांच अस्पताल में मुफ्त में हो गई, मगर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए निजी केंद्र जाना पड़ा, जहां पांच सौ रुपये खर्च करने पड़े।

# ससुराल से लौट रहे युवक की बाइक तमंचे के बल पर बाइक लूटकर फरार हुए बदमाश

- **मोबाइल भी ले गए बदमाश, इससे जल्द हो सकता है खुलासा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। वजीरगंज थाना क्षेत्र में बिल्सी रोड पर ब्योली मढ़ी के पास शनिवार देर रात तीन बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को तमंचे के बल पर रोककर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी लेने के बाद बदमाशों की तलाश की गई लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

> मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। लुटेरे कितने भी शातिर क्यों न हों पुलिस से बच नहीं सकते। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। **-सुरेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष, वजीरगंज**

बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी लोकेश बाबू ने बताया कि वह शनिवार रात करीब 10 बजे अपनी ससुराल कटसारी से अपने गांव लौट रहे थे। उनके साथ गांव के ताऊ राम बाबू भी मौजूद थे। दोनों अपनी बाइक से वजीरगंज होते हुए बिल्सी रोड पर जा रहे थे।

जैसे ही उकनी बाइक ब्योली मढ़ी से लगभग आधा किलोमीटर पहले पीछे पहुंची कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर बाइक को रोक लिया। बताया कि उन्होंने बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, दो बदमाश नीचे उतरे और तमंचा तान दिया। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लोकेश बाबू की बाइक और ओप्पो रेनो 10 मोबाइल फोन छीन लिया, जिसमें उनका सिम भी लगा था। घटना के बाद पीड़ित किसी तरह पास की मढ़ी तक पहुंचे, जहां से फोन लेकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल सका।

# सत्ता का संघर्ष : बगावत, वर्चस्व और वजूद की जंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**देवेश मिश्रा**

**बदायूं ।** वरिष्ठ संवाददाता। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच मंत्रिमंडल विस्तार की खबरों ने बदायूं की सियासत में अंदरूनी भूचाल ला दिया है। जिले के माननीय इन दिनों क्षेत्र छोड़कर लखनऊ के चक्कर काट रहे हैं। एक तरफ जहां कुछ विधायक लाल बत्ती का सपना संजोए बड़े नेताओं से साठगांठ में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर गुप्त सर्वे की रिपोर्ट ने कई दिग्गजों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

बदायूं की छह विधानसभा सीटों का गणित फिलहाल सपा और भाजपा के बीच तीन-तीन की बराबरी पर टिका है। लेकिन असली रोमांच आगामी चुनाव के टिकट वितरण को लेकर है। चर्चा है कि भाजपा इस बार एंटी-इंकम्बेंसी को मात देने के लिए पुराने चेहरों को किनारे कर नए और युवा चेहरों पर दांव लगा सकती है।

हाल ही में हुए हिंदू सम्मेलनों के जरिए नेताओं ने जो शक्ति प्रदर्शन किया, वह केवल भीड़ जुटाना नहीं बल्कि आलाकमान को अपनी ताकत का एहसास कराना था। जिले में आरएसएस पृष्ठभूमि के सक्रिय नेताओं की दावेदारी ने मौजूदा विधायकों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। सियासी गलियारों में यह भी चर्चा है कि इस बार जिले को प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री जैसा बड़ा पद मिल सकता है, जिससे जिले का कद और बढ़ जाएगा।

पार्टी के गुप्त सर्वे की रिपोर्ट अब मेज पर है। नेताओं का बार-बार लखनऊ जाना यह साफ इशारा कर रहा है कि कई सीटों पर तलवार लटक रही है। अब देखना यह होगा कि क्या पुराने दिग्गज अपनी कुर्सी बचा पाएंगे या नए दावेदार बाजी मार ले जाएंगे।

**संघ से जुड़ाव, बन सकता है चुनाव में बड़ा फैक्टर**

बदायूं में आरएसएस की गहरी पैठ इस बार के टिकट वितरण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। जिले के कई कद्दावर नेता संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं और इस बार वे विधानसभा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालिया चुनावों में संघ के रणनीतिक कौशल को देखते हुए, पुराने विधायकों को डर है कि कहीं निष्ठा के आधार पर उनका पत्ता न कट जाए।

**विधानसभा के टिकट पर लटकी है तलवार**

बदायूं की सभी छह सीटों पर इस बार टिकट कटने का खौफ साफ देखा जा रहा है। नए दावेदारों की बढ़ती फौज और हिंदू सम्मेलनों के जरिए हुए शक्ति प्रदर्शन ने मौजूदा विधायकों को रक्षात्मक मोड पर ला दिया है। लखनऊ के चक्कर काट रहे माननीय अब विकास कार्यों से ज्यादा अपनी वफादारी साबित करने और अपनी सीट बचाने की जुगत में लगे हैं।

**उपमुख्यमंत्री की रेस में जिले का नाम**

बदायूं की सियासी बिसात पर इस बार दांव बहुत ऊंचे लगे हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि चुनाव के बाद जिले को उपमुख्यमंत्री का पद मिल सकता है। दरअसल, बदायूं हमेशा से प्रदेश की राजनीति की धुरी रही है। यहां के समीकरण पूरे प्रदेश की राजनीति को प्रभावित करते हैं। इस संभावना ने स्थानीय दिग्गजों की महत्वाकांक्षाओं को पंख लगा दिए हैं।

**सर्वे में खुली दावों की पोल , लखनऊ पहुंची की रिपोर्ट**

पार्टी आलाकमान द्वारा कराए गए गुप्त सर्वे ने माननीयों की नींद उड़ा दी है। सूत्रों की मानें तो इस रिपोर्ट में विधायकों के कामकाज, जनता के बीच उनकी छवि और क्षेत्रीय सक्रियता का पूरा कच्चा चिट्ठा लखनऊ दफ्तर पहुंच चुका है। सर्वे की यह रिपोर्ट ही तय करेगी कि कौन दोबारा मैदान में उतरेगा और किसका राजनीतिक वनवास शुरू होगा।

# घात लगाकर बैठे युवक पर जानलेवा हमला, चार लोगों पर आरोप

- **भंडारे का प्रसाद लेकर लौट रहा था युवक, तक हुआ हमला**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** भंडारे से प्रसाद खाकर घर वापस लौट रहे युवक को चार लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर घायल कर दिया। साथी युवक ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारा पीटा। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला वरन निवासी किशुन पाल का कहना है कि शनिवार देर शाम करीब आठ बजे वह गांव में चल रहे भंडारे से प्रसाद खाकर अपने घर वापस लौट रहा था। गांव के ही शैलेन्द्र आदि से उसकी मुकदमेबाजी की पुरानी रंजिश चल रही है। जब वह रास्ते में बीच वाला नगला की पुलिया के पास पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाए बैठे चार लोगों ने उसे गालियां देनीं शुरु कर दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारना पीटना शुरू कर दिया। साथी गौरव ने उसे बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसे भी मारा पीटा। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी धमकी देते हुए चले गए। परिजन पीड़ित को लेकर कोतवाली पहुंचे और चार लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल भेज दिया है। जांच की जा रही है।



# जेके सक्सेना के बेटे के आकस्मिक निधन से जिले भर में शोक की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के प्रमुख भाजपा नेता एवं बदायूं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जे. के. सक्सेना के छोटे पुत्र के आकस्मिक निधन से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद समाचार के मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारी वर्ग के लोगों में गहरा दुःख व्याप्त हो गया।

शोक व्यक्त करने वालों का उनके आवास पर तांता लगा रहा।



वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने घटना की जानकारी मिलते ही सक्सेना जी के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

डॉ. पाठक ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा भाजपा के कई अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी सक्सेना निवास पहुंचे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और पूरे जिले के लिए एक बड़ी क्षति है। गौरतलब है कि जे. के. सक्सेना जिले के वरिष्ठ और सम्मानित व्यक्तित्वों में गिने जाते हैं।

# सरगना सहित चार पर पुलिस ने की गैंगस्टर की कार्रवाई

- **जिले में सक्रिय था दीपक गैंग, कार्रवाई से मचा हड़कंप**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक शातिर अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने गैंग लीडर दीपक गौतम उर्फ मोनू और उसके तीन सक्रिय सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सकरी जंगल निवासी दीपक गौतम उर्फ मोनू गिरोह का संचालन कर रहा है। गैंग के अन्य सदस्यों में जसविंदर उर्फ काके, संतोष यादव और डेविड उर्फ शोएब शामिल हैं। यह गिरोह जिले और आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर रेकी करता था और फिर लूटपाट व चोरी जैसी संगीन घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह के सदस्यों पर पहले से ही चोरी और लूट की धारा में कई मामले दर्ज हैं।

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह गिरोह अपने



भौतिक और आर्थिक लाभ के लिए समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। इस गैंग के सक्रिय रहने से आम जनता में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। जनहित और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय के अनुमोदित 'गैंग चार्ट' के आधार पर इन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना का जिम्मा निरीक्षक सुपेंद्र मलिक को सौंपा गया है। पुलिस प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि जनपद में किसी भी गैंग को पनपने नहीं दिया जाएगा और अपराधियों की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के खिलाफ भी भविष्य में जब्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है।

**पंचायत** | भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत में उठाई गई किसानों की समस्याएं

# खाद की कालाबाजारी पर किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- **किसानों का कहना कि खाद के साथ जबरन थमाया जाता है लिक्विड**

जागरण मोर्चा ब्यूरो

**बदायूं ।** बिसौली तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव की उपस्थिति में किसानों ने यूरिया की किल्लत, कालाबाजारी और दुकानदारों द्वारा जबरन थमाई जा रही अनुपयोगी दवाओं पर कड़ा रोष जताया। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द सुधार नहीं किया, तो संबंधित विभागों में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

पंचायत का संचालन युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट ने किया। बैठक में किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के खाद-बीज भंडारों पर यूरिया का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद





दुकानदार उसे ब्लैक में बेच रहे हैं। किसानों को यूरिया के साथ जबरन लकेज खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। मना करने पर खाद देने से इनकार कर दिया जाता है। किसान रामचंद्र सिंह ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि उन्हें निर्धारित दर से अधिक कीमत चुकानी पड़ी और अनुपयोगी दवा भी साथ लेनी पड़ी।

इसके अतिरिक्त, पंचायत में आवारा गोवंश और बिजली आपूर्ति की समस्याओं पर भी रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को 25 मई को जिला मुख्यालय पर होने वाली राष्ट्रीय किसान महापंचायत के लिए लामबंद किया गया। वक्ताओं ने कृषि विभाग के अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए तत्काल छापेमारी और दोषियों के लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। पंचायत में जिला उपाध्यक्ष श्याम बाबू, रतिराम यादव, और ब्लॉक अध्यक्षों सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव ने स्पष्ट किया कि यदि कृषि विभाग और प्रशासन ने कालाबाजारी पर लगाम नहीं लगाई, तो यूनियन अनिश्चितकालीन प्रदर्शन को बाध्य होगी। किसानों ने साफ कहा कि अब वे प्रशासन के खोखले आश्वासनों के झांसे में आने वाले नहीं हैं।

**जबरन लगेज का बनाया जाता है दबाव**

स्थानीय किसानों का आरोप है कि दुकानदार यूरिया के कट्टे के साथ अनुपयोगी कीटनाशक और लिक्विड उत्पाद जबरदस्ती बेच रहे हैं। यह सीधे तौर पर किसानों की जेब पर डाका है। प्रशासन की अनदेखी से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं और आर्थिक शोषण चरम पर है।

**राष्ट्रीय किसान महापंचायत के लिए किया आवाहन**

पंचायत में आगामी 25 मई को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित राष्ट्रीय किसान महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया गया। तहसील स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है ताकि अधिक से अधिक किसान अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यालय तक पहुंच सकें।



## शूट-ऑफ में चीन को हराकर दीपिका की टीम ने जीता स्वर्ण!

**शंघाईः** दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान चीन को 'शूट-ऑफ' में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक अंतिम मुकाबले में भारत ने पहला सेट जीता, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण 'शूट-ऑफ' कराया गया।

भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम 'शूट-ऑफ' तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। यह टूर्नामेंट में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले, विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# उर्विल ने आईपीएल का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाया, 13 गेंदों पर पूरा किया पचासा

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में आज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से हो रहा है। सीएसके ने खराब शुरुआत के बाद खुद को संभाला है और पिछले लगातार दो मैच जीते हैं। वहीं, लखनऊ भी जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही है। अब दोनों की नजरें इस लय को बरकरार रखने पर टिकी हुई है।

उर्विल पटेल ने लखनऊ के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंदों पर अर्धशतक लगा दिया है। यह आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज पचासा है। उर्विल ने इसके साथ ही यशस्वी जायसवाल की बराबरी कर ली है जिन्होंने 13 गेंदों पर ही आईपीएल में अर्धशतक लगाया था। उर्विल ने अर्धशतक जड़ने के बाद एक पर्ची निकाली और अनोखे अंदाज में जश्न मनाया।

सीएसके के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। पावरप्ले का आखिरी ओवर डालने आए दिग्वेश राठी को उर्विल ने निशाने पर लिया। उन्होंने उर्विल के इस ओवर से 25 रन जुटाए जिससे सीएसके ने छह ओवर की समाप्ति तक एक विकेट पर 97 रन बनाए। उर्विल और ऋतुराज के बीच दूसरे विकेट के लिए 14 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी हो चुकी है। उर्विल ने दिग्वेश के इस ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया। इससे पहले, पांचवां ओवर डालने आवेश खान पर भी उर्विल ने तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए।



सीएसके को संजू सैमसन के रूप में पहला झटका लगा है। सैमसन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन दिग्वेश राठी ने उन्हें बोल्ड कर अपना शिकार बनाया। सैमसन 14 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने अच्छी शुरुआत की है। संजू सैमसन और गायकवाड़ के बीच साझेदारी आगे बढ़ रही है। चेन्नई की पारी शुरू हो गई है। संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ क्रीज पर मौजूद हैं।

जोस इंग्लिस और शाहबाज अहमद की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सीएसके को 204 रनों का लक्ष्य दिया है। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। लखनऊ के लिए इंग्लिस ने 33 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से 85 रन बनाए। सीएसके के खिलाफ लखनऊ का स्कोर 150 रन के पार पहुंच गया है। लखनऊ के लिए शाहबाज अहमद और हिम्मत सिंह क्रीज पर मौजूद हैं। लखनऊ की पारी लड़खड़ा गई है और उसने 130 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए हैं। डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार थ्रो कर एडेन मार्करम को रन आउट किया जो सात गेंदों पर छह रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत 12 गेंदों में 15 रन बनाकर जैमी ओवरटन की गेंद पर बोल्ड हो गए। जैमी ओवरटन ने इंग्लिस को आउट कर लखनऊ को तीसरा झटका दिया है। जोश इंग्लिस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 85 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत हालांकि, क्रीज पर मौजूद हैं। नूर अहमद ने निकोलस पूरन को आउट कर लखनऊ को दूसरा झटका दिया है। पूरन तीन गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस हालांकि, क्रीज पर मौजूद हैं।

अंशुल कंबोज ने मिचेल मार्श को आउट कर सीएसके को पहली सफलता दिलाई है। मार्श और इंग्लिस के बीच शानदार साझेदारी हो रही थी, लेकिन कंबोज ने इसे तोड़ा। मार्श 10 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 10 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने सीएसके के खिलाफ धुआंधार बल्लेबाजी जारी रखते हुए अर्धशतक लगा दिया है। इंग्लिस और मार्श के बीच दमदार साझेदारी जारी है।

## बांग्लादेश ने विश्व कप टीम का किया एलान, तीसरी बार कमान संभालेंगी निगार सुल्ताना

**ढाका।** बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप के लिए कमर कस ली है और अगले महीने से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए टीम का एलान कर दिया है। बांग्लादेश एक बार फिर निगार सुल्ताना की अगुआई में खेलने उतरेगा।

बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड में होना है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है।



### ग्रुप 1 में शामिल है बांग्लादेश

बांग्लादेश की टीम 25 मई को एडिनबर्ग के लिए रवाना होगी। वहां टीम स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच खेलेगी। टी20 विश्व कप में बांग्लादेश नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, भारत और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप 1 में है। टीम 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

### महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए बांग्लादेश की टीम

निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), नाहिदा अख्तर (उपकप्तान), शर्मिन अख्तर, सोभना मोस्टरी, शोरना अख्तर, ऋतु मोनी, राबेया खान, फहीमा खातून, फरिहा इस्लाम, मारूफा अख्तर, शंजीदा अख्तर, सुल्ताना खातून, दिलारा अख्तर (विकेटकीपर), जुएरिया फिरदौस, ताज नेहर।

टीम के मुख्य चयनकर्ता सज्जाद अहमद ने कहा कि नेहर को उनकी विविधता की वजह से सरमिन पर प्राथमिकता दी गई है। नेहर बल्लेबाजी क्रम में नंबर 1 से नंबर 6 के बीच बल्लेबाजी कर सकती हैं। वह आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखती हैं। 2023 और 2024 संस्करण में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, ऋतु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं। मौजूदा टीम में 11 ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूएई में आयोजित 2024 का टी20 विश्व कप खेला था।

## शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए जोर लगाएगी आरसीबी

**रायपुर।** आज आईपीएल 2026 का 54वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस के बीच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी की नजरें जीत के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर होंगी।





दूसरी तरफ, मुंबई इंडियंस इस सीजन संघर्ष करती हुई नजर आई है। 10 मुकाबलों में से टीम को सिर्फ 3 में ही जीत नसीब हुई है, जबकि 7 मुकाबलों में एमआई को हार का सामना करना पड़ा है। प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए मुंबई इंडियंस को आरसीबी के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ खेले गए आखिरी मुकाबले में रेयान रिकेल्टन और रोहित शर्मा ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, सूर्यकुमार यादव इस पूरे सीजन रनों के लिए संघर्ष करते दिखाई दिए हैं। विल जैक्स और नमन धीर भी कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की खराब फॉर्म एमआई के लिए सिरदर्द बनी हुई है। वहीं, दीपक चाहर और अल्लाह गजनफर भी निरंतरता के साथ अच्छी गेंदबाजी नहीं कर सके हैं।

रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने आईपीएल 2026 में अब तक 10 मुकाबले खेले हैं। इसमें से टीम को 6 में जीत मिली है, तो 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। बल्लेबाजी में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने टॉप ऑर्डर में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, आरसीबी को चोटिल फिल सॉल्ट की कमी जरूर खली है।

रजत ने भी लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 31 गेंदों में 61 रनों की दमदार पारी खेली थी। टिम डेविड ने बतौर फिनिशर अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं, गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने बल्लेबाजों को खासा परेशान किया है। हालांकि, सुयश शर्मा की हालिया फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय जरूर बनी हुई है।

## बैंकों और क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों में पैसों को लेकर छिड़ी आर-पार की लड़ाई! अमेरिका में आ रहा नया कानून

**नई दिल्ली।** अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी के नियमन को लेकर एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। लंबे समय से लटके क्लैरिटी एक्ट को अगले हफ्ते सीनेटरों के सामने विचार के लिए पेश किया जाएगा। यदि यह कानून बन जाता है, तो यह तेजी से बढ़ते डिजिटल एसेट सेक्टर के लिए स्पष्ट नियामक नियम लाएगा और क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों तथा बैंकिंग उद्योग के बीच चल रहे लंबे गतिरोध को खत्म कर सकता है। सीनेट बैंकिंग कमेटी के चेयरमैन टिम स्कॉट ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बिल पर 14 मई को वाशिंगटन डी.सी. के डर्कसेन सीनेट कार्यालय भवन में एक अहम बैठक होगी। यह बिल डिजिटल संपत्तियों के लिए स्पष्ट नियामक दिशानिर्देश स्थापित करने का लक्ष्य रखता है। इसके तहत मुख्य रूप से स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा कि कौन सी क्रिप्टो संपत्तियां 'प्रतिभूति' (Securities) की श्रेणी में आती हैं और कौन सी 'वस्तु' की श्रेणी में हैं। इसके अलावा इन डिजिटल एसेट्स की निगरानी और नियमन कौन सी सरकारी एजेंसी करेगी, क्रिप्टो एक्सचेंज, ब्रोकर और डीलर के काम करने के नियम क्या होंगे और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए किन कड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा शामिल हैं।

## 15 साल की उम्र में दुनिया को कर रहा दंग!: वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर किया कमाल; 514 गेंद में बनाया रिकॉर्ड

**जयपुर।** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी लगातार रिकॉर्ड बुक्स को बदल रहे हैं। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे इस 15 वर्षीय बल्लेबाज ने शनिवार को एक और अनोखा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने मोहम्मद सिराज की पहली ही गेंद पर शानदार छक्का जड़ा। इसी छक्के के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 100 छक्के पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वैभव ने यह मुकाम सिर्फ 514 गेंदों में हासिल किया, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा अब तक का सबसे तेज आंकड़ा है।



इस उपलब्धि के साथ वैभव ने भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया। इतनी कम उम्र में ऐसा रिकॉर्ड बनाना उनके टैलेंट और निडर बल्लेबाजी का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

वैभव पहले ही आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में और आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंदों में शतक जमाया था।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने सिर्फ 16 गेंदों में 36 रन बनाए। उनकी पारी में तीन छक्के और तीन चौके शामिल रहे। खास बात यह रही कि उनके तीनों छक्के पावरप्ले में आए। इसके साथ ही वैभव अब आईपीएल के एक सीजन के पावरप्ले ओवरों में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी जिस अंदाज में रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना रहे हैं, उसे देखकर साफ है कि भारतीय क्रिकेट को एक नया सुपरस्टार मिल चुका है। सिर्फ 15 साल की उम्र में उनका आत्मविश्वास, पावर हिटिंग और बड़े मंच पर प्रदर्शन हर किसी को हैरान कर रहा है।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 229/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। कप्तान शुभमन गिल ने 44 गेंदों में 84 रन, साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन और वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। राजस्थान के गेंदबाजों पर गुजरात बल्लेबाजों ने जमकर हमला बोला और अंतिम ओवर में 21 रन बटोरे। जवाब में राजस्थान की पारी 16.3 ओवर में 152 रन पर ही सिमट गई। वैभव के अलावा रवींद्र जडेजा ने 38 रन बनाए।

## सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज में गुकेश छठे स्थान पर रहे, नीमैन को खिताब

**वारसॉ।** विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है।



गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में नौ और ब्लिट्ज में आठ अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की।

गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की।









## मई के पहले हफ्ते में ही पूंजी बाजार से 9,772 करोड़ की उड़ान

**मुंबईः** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने मई के पहले कारोबारी सप्ताह में भारतीय पूंजी बाजार से 9,772 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले अप्रैल और मार्च में भी एफपीआई शुद्ध रूप से बिकवाल रहे थे, यानी उन्होंने जितना निवेश किया था उससे अधिक पैसे निकाले थे।




केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मई में अबतक इक्विटी में 14,231 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। हाइब्रिड उपकरणों में भी उनका निवेश ऋणात्मक रहा है जबकि डेट और म्यूचुअल फंड में उन्होंने पैसा लगाया है। इस महीने डेट में एफपीआई का शुद्ध निवेश 4,384 करोड़ रुपये बढ़ा है। म्यूचुअल फंड में उन्होंने 187.72 करोड़ रुपये का निवेश किया। हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 112.28 करोड़ रुपये निकाले। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इस साल मार्च में उन्होंने 1,26,991 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिकवाली की थी। अप्रैल में भी उन्होंने 70,786 करोड़ रुपये निकाले थे। इस साल अब तक एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 1,98,773 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।